नई दिल्ली
मंगलवार, 17 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 63
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 32
न्यून. 27


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




9 क्वालीफायर मारिया ने 37 साल की उम्र में जीता क्वींस क्लब का खिताब


ALLEN's result validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

Exam का Level कुछ भी हो
LEADER सिर्फ ALLEN

660 ALLENites out of 2207 in AIIMS-MBBS (2024)
13 AIR-1 in last 16 years in pre-medical entrance
37 Years of Legacy & Trust of more than 35 Lac Students

Result: NEET UG 2025

AIR 4 Mrinal Kishore Jha Classroom Course
AIR 7 Keshav Mittal Classroom Course
AIR 8 Jha Bhavya Chirag Classroom Course
AIR 12 Aashi Singh Classroom Course
AIR 13 Tanay Classroom Course
AIR 15 Manvendra Singh Rajpurohit Classroom Course
AIR 21 Umaid Ahmed Khan Classroom Course
AIR 22 Ruchir Gupta Classroom Course
AIR 30 Harsh Tilotia Classroom Course
39 Students in Top 100 AIR

ALLEN Delhi Delivers Again

NEET-2025 में DELHI-NCR की BEST RANK एलन दिल्ली से
AIR 4 Mrinal Kishore Jha Classroom Course

AIR 81 Shirin Gupta Classroom Course
AIR 104 Vivek Kumar Classroom Course
AIR 105 Sukrit Sharma Classroom Course
AIR 107 Bhavhya Jayna Classroom Course
AIR 210 Vansh Kumawat Classroom Course
AIR 364 Ajay Raj Patel Classroom Course
AIR 555 Shviti Aggarwal Classroom Course
AIR 665 Shresth Khokhar Classroom Course
AIR 685 Riya Agarwal Classroom Course
AIR 798 Ambbar Chanana Classroom Course
AIR 931 Anshika Classroom Course
AIR 969 Neha Gupta Classroom Course
AIR 1016 Nidhi Classroom Course
AIR 1044 Devashish Mudgal Classroom Course
AIR 1145 Tanushka Jain Classroom Course
AIR 1160 Sakasham Garg Classroom Course
AIR 1181 Mohd Uwais Classroom Course
AIR 1222 Divyank Sharma Classroom Course
AIR 1255 Vyoma Bansal Classroom Course
AIR 1478 Arunima Pratap Singh Classroom Course
& many more

13 Students in Top 1000 AIR
56 Students in Top 5000 AIR

As per result compiled till 14 June 2025 (11:00 PM)

नो तमाशा, नो ड्रामेबाज़ी, बस रिज़ल्ट्स

ADMISSIONS OPEN
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Class 8th to 12th & 12th Pass
NEW BATCHES FROM 18 JUNE ONWARDS
For course start dates & direct admission visit website allen.ac.in/delhi or nearest center.
Scan to register

TALLENTEX 2026
For Class 5th to 10th Students
Register now & avail early bird benefit, visit tallentex.com
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
Scholarships worth* ₹250 Crore
Cash Prizes* ₹2.5 Crore
Scan to register

Attention!
Get up to 90%* Scholarship based on NEET 2025 rank
*T&C Apply.

ALLEN DELHI
95136 85900
allen.ac.in/delhi

ALLEN KOTA
0744-3556677
allen.ac.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examination. Selection depends on preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All classroom and online students are part of full-time courses. All students mentioned are enrolled in paid programs.



# शांति के साथ समृद्धि और विकास की ओर बढ़ता बस्तर

**अब बस्तर एक संदेश है- संभावनाओं का, समावेश का और स्वाभिमान का**

## सरकार की सकारात्मक नीतियों से खुले कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और तकनीकी उन्नयन के नए रास्ते

घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों से भरा-पूरा बस्तर वर्षों तक विकास से अछूता रहा। अपनी विशिष्ट जनजातीय संस्कृति और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों से अक्सर चर्चा में रहने वाले बस्तर को माओवादी हिंसा का दंश भी झेलना पड़ा, लेकिन अब यहां शांति के साथ विकास के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। बस्तर द्रुत गति से प्रगति पथ की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में "विकसित बस्तर" का विजन धरातल पर उतरता दिख रहा है। यह एक समग्र रणनीति है, जिसमें कृषक, महिला, युवा उद्यमी और आदिवासी समुदायों के समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है। 'नियद नेल्ला नार' जैसे कार्यक्रम के जरिए माओवाद प्रभावित गांवों में सरकारी सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है साथ ही, युवाओं का कौशल उन्नयन कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कृषि में नवीनतम अनुप्रयोगों का दौर भी शुरू है। कृषकों को भरपूर सहायता दी जा रही है साथ ही सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार हेतु व्यापक प्रयास किया जा रहे हैं। इन सम्मिलित प्रयासों से बस्तर अब सतत् आगे बढ़ रहा है और प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है।

"विकसित बस्तर केवल एक नारा नहीं, यह उस बदलाव की कहानी है जो बस्तर को एक आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त क्षेत्र के रूप में स्थापित करेगा। यह पहल न सिर्फ वर्तमान को संवार रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत नींव रख रही है। हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं, समावेशी विकास है। ऐसा विकास जिसमें बस्तर के हर किसान, महिला, युवा और आदिवासी भाई बहन की भागीदारी हो। विकसित बस्तर की यह योजना सिर्फ आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है। हमने ठाना है, कि बस्तर को वह पहचान दिलाई जाए जिसका वह वास्तव में हकदार है। आत्मनिर्भर, गौरवशाली और प्रगतिशील बस्तर। यह परिवर्तन कोई सपना नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती हकीकत है।"

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### बस्तर में उद्योगों की वर्तमान स्थिति

**690** MSME इकाइयां संचालित

लौह अयस्क के निर्यात से **102** करोड़ रुपये की वार्षिक आमदनी

प्रमुख कंपनियाँ: NMDC, Essar, ब्रज इस्पात, AMNS इंडिया





## सरकार के वह प्रयास, जिनसे बदल रही बस्तर की पहचान

### कौशल विकास और रोज़गार

- मुख्यमंत्री कौशल विकास, पीएम कौशल योजना और नियद नेल्ला नार जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- 90,273 युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण
- 39.137 युवाओं को सीधे रोज़गार के अवसर
- 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना
- आत्मनिर्भर समर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों में से 222 को रोजगार हेतु प्रशिक्षण



### संस्कृति और प्रकृति के साथ विकास

- बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास
- बस्तर पर्यटन सर्किट का विकास
- स्थानीय संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार पर जोर
- स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- तीरथगढ़ जलप्रपात पर ग्लास ब्रिज का निर्माण



**बस्तर में चहुंमुखी विकास**



### स्थानीय संसाधनों से समृद्धि

- औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बस्तर संभाग को विशेष प्रोत्साहन
- स्टील उद्योग को 15 वर्षों तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति
- आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु रोजगार अवसर और वेतन सब्सिडी
- ST/SC वर्गों को उद्योग स्थापना हेतु अतिरिक्त 10% सब्सिडी
- 28 विकासखंडों में रखा MSME, खनिज, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, वनोपज और पर्यटन उद्योगों को विशेष बढ़ावा
- नई औद्योगिक नीति में आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विशेष प्राथमिकता
- बस्तर में बड़े उद्योगों की स्थापना की तैयारी
- घरेलू व लघु उद्योगों को भी बढ़ावा और क्षेत्रीय उत्पादों को बाज़ार से जोड़ना
- उद्योगों में 40% तक महिलाओं की सहभागिता का लक्ष्य



### किसानों की समृद्धि से बस्तर की खुशहाली

- जलवायु के अनुकूल मक्का और मिलेट्स उत्पादन के उत्पादन को प्रोत्साहन
- फसल विविधीकरण, जैविक खेती और सिंचाई का विस्तार
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश
- प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केटिंग चैनल्स के जरिए कृषि उत्पादों का उचित मूल्य और बाज़ार उपलब्धता
- परंपरागत मोटे अनाजों को बढ़ावा देकर पोषण और आय दोनों बढ़ाना
- ऑर्गेनिक खेती को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार से जोड़ने की दिशा में प्रयास
- मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं शूकर पालन के लिए बजट में अतिरिक्त प्रावधान

### विगत डेढ़ वर्षों में...

- 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना
- 325 गाँवों में 17 विभागों की 53 योजनाओंऔर 31 सुविधाओं से विकास
- 435 से अधिक माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया, 1432 से अधिक ने किया आत्मसमर्पण
- हेलीकॉप्टर नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए 68 हैलीपैड पूर्ण, 13 निर्माणाधीन
- 275 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण
- 25,044 आयुष्मान कार्ड बना
- 45,287 ग्रामीणों का आधार कार्ड बना
- 98,172 ग्रामीणों का राशन कार्ड बना
- 607 नए मोबाइल टावरों की स्थापना
- 50 स्कूलों का पुन: संचालन शुरु

### सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की भावी योजना

#### बोधघाट और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

45 साल से अधर में लटकी बोधघाट परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की है और जल्द ही इस पर फिर से काम शुरू होगा। इस परियोजना से बस्तर सहित आधे छत्तीसगढ़ में दोनों सीजन में कुल मिलाकर सात लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही 125 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। इंद्रावती-महानदी लिंकिंग परियोजना से छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। इंद्रावती नदी पर आधारित बोधघाट परियोजना का लक्ष्य दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव, कवर्धा और मुंगेली जैसे जिलों में सिंचाई सुविधा प्रदान करना है। इसके अलावा, इससे हाइड्रो पावर के माध्यम से बिजली उत्पादन भी किया जाएगा।

### बस्तर का भविष्य: समृद्धि और विकास

**आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्थायी आश्रय**
आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति

**बस्तर ओलंपिक 2024**
बस्तर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मिला शानदार मौका

**मुख्यमंत्री सम्मान निधि**
बैगा, गुनिया और सिरहा को 5,000 रुपये की सालाना सम्मान निधि का लाभ

**अखरा निर्माण विकास योजना**
जनजातीय गांवों में खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई योजना

**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना**
माओवाद प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण व अन्य जिलों के विद्यार्थियों को 1% ब्याज दर पर ऋण

**वन अधिकार अधिनियम में बदलाव**
वन अधिकार पत्रधारकों के वारिसों को वन भूमि का हस्तांतरण मिलेगा

### अंदरुनी गांवों में 'नियद नेल्ला नार योजना' से समग्र विकास



बस्तर के माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा कैंपों के इर्द-गिर्द बसे गांवों में अब बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। 'नियद नेल्ला नार योजना' के तहत चिन्हित 146 ग्रामों में 18 सामुदायिक सेवाएं और 25 तरह की सरकारी योजनाएं एक साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। ग्रामीणों को राशन कार्ड, आधार, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूल प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का दिया जा रहा है।

**सुशासन से समृद्धि की ओर...**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

**पर्यटन विकास** | **सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर**

## बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान, पर्यटन सर्कल से खुलेंगे नए रास्ते

बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। बस्तर के धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर जिले



में कोसारटेडा सिंचाई जलाशय को अब ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे यहां के महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।

### बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक

बस्तर में विकास के रास्ते बनाने के लिए सकारात्मक बेहद जरूरी है। युवाओं को खेल और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें भरम और भटकाव के रास्ते से दूर रखना भी बेहद जरूरी है। इसी बात को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर 'बस्तर ओलंपिक' जैसे बड़े खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े 'बस्तर पंडुम महोत्सव' का भी विगत दिनों गरिमामय आयोजन हुआ। महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य और वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजनों पर आधारित स्पर्धाएं और प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिससे बस्तर की संपन्न जनजातीय संस्कृति से लोगों को रूबरू होने का मौका मिला। 47000 से अधिक स्थानीय कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




### कृषि में नवाचार का दौर

बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। यहां किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष ज़ोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना 'मिलेट मिशन' का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा। ड्रोन दीदियों की मदद से फसलों पर दवा छिड़काव के साथ-साथ अन्य तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से यहां के प्रगतिशील आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



### बेहतर भविष्य के लिए कौशल उन्नयन

बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। "विकसित बस्तर" परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास ज़मीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### नई नक्सली पुनर्वास नीति

आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति 2025 में रोजगार और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था है। यह केवल कानून-व्यवस्था का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की ओर उठाया गया बड़ा कदम है। पुनर्वास की नई नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और हिंसा के पीड़ितों को 15,000 घर बनाकर दिए जाएंगे। कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 10,000 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की ठोस नीति राज्य सरकार ने तैयार की है, जिससे उन्हें वापस समाज की मुख्य धारा में जुड़कर जीवन यापन करने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो। पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर राज्य में बड़ी संख्या में नक्सली, आत्म समर्पण के लिए आगे भी बढ़ रहे हैं।



### स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर

राज्य की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर संभाग के स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा। नई औद्योगिक नीति में बस्तर क्षेत्र में लघु उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ पर्यटन विकास के लिए भी व्यापक प्रावधान किये गए हैं।



नई दिल्ली

मंगलवार, 17 जून 2025

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 63

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 32

न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### यूपीआई के यूजर्स को बड़ा तोहफा, बदले नियम



**नई दिल्ली।** भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। 16 जून से यूपाई ट्रांजैक्शन सपोर्ट करने वाली टेक्नोलॉजी में कई बड़े अपग्रेड किए गए हैं। नए बेनिफ्ट से ट्रांजैक्शन स्पीड बूस्ट होने के साथ ही पेमेंट रिवर्सल पहले से फास्ट होगा। यूपीआई की स्पीड को 66 प्रतिशत तक बूस्ट करने इरादे से कई एडवांस्ड अपग्रेड किए हैं। एनपीसीआई का लक्ष्य ओवरऑल सिस्टम एन्हेंस करने का है। यह सुविधा गूगल पे, फोन पे, पेटीएम, भीम, वॉट्सएप यूपीआई समेत सभी यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर्स पर लागू होंगे। इससे ट्रांजेक्शन स्पीड को बूस्ट मिलेगा।

### एसबीआई ने घटाई ब्याज दरें, लोन हुआ सस्ता



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने सेविंग बैंक अकाउंट के सभी अकाउंट बैलेंस के लिए ब्याज दर घटाकर 2.5% कर दी है। पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा रेपो दर में 50 बेसिस पॉइन्ट की कटौती के बाद हुआ है। एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे मौजूदा और नए कर्जदारों दोनों के लिए लोन सस्ता हो गया है। आरबीआई के नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती के बाद एसबीआई ने यह फैसला लिया है। एसबीआई ने बचत बैंक दरों में कटौती 15 अक्टूबर, 2022 को की थी।

### महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित



**नई दिल्ली।** क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने आईसीसी ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगी। और इसके बाद उसका अगला मैच पाकिस्तान से होगा। आईसीसी ने महिला वनडे विश्व कप की तारीखों और आयोजन स्थल की घोषणा पहले ही कर दी थी, लेकिन सोमवार को इसका कार्यक्रम भी घोषित कर दिया।

## पीएम मोदी-राष्ट्रपति निकोस ने वैश्विक संघर्षों पर जताई चिंता, संवाद को बताया मानवता की पुकार

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मिला साइप्रस का मजबूत समर्थन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर जारी तनाव के मध्य सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के बीच साइप्रस की राजधानी निकोसिया में एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें भारत-साइप्रस के बीच द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के अलावा आतंकवाद, इजरायल-ईरान और रूस-यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्षों के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

साइप्रस ने इस साल 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और भारत की सीमापार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में उसे मजबूती के साथ अपना पुरजोर समर्थन देने का ऐलान किया। अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को लेकर दोनों शीर्ष नेताओं ने अपनी वार्ता के दौरान चिंता व्यक्त की और इस बात को स्वीकार किया कि संघर्षों का नकारात्मक प्रभाव केवल उस क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। साथ ही कहा, ये युद्ध का युग नहीं है। बातचीत से समाधान और स्थिरता की बहाली ही मानवता की पुकार है। बैठक के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत-साइप्रस के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय मुद्दों के अलावा वैश्विक सुरक्षा चिंताओं पर भी हुई चर्चा

दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी के क्रियान्वयन को लेकर जारी किया गया संयुक्त घोषणापत्र






### साइप्रस में दिखा ऑपरेशन सिंदूर का पोस्टर

*यह बैठक निकोसिया में साइप्रस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास 'प्रेजीडेंशियल पैलेस' में हुई। जिसकी शुरुआत से पहले पीएम मोदी को रेड कार्पेट वेलकम दिया गया, उन्होंने साइप्रस के सैन्यबलों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने पैलेस में मौजूद आर्कबिशप मकारियोस तृतीय की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यहां बता दें कि बीते रविवार को निकोसिया पहुंचने पर भी प्रधानमंत्री को हवाईअड्डे पर रेड कार्पेट वेलकम दिया गया था। खुद राष्ट्रपति निकोस ने उनकी अगवानी की थी। इसके बाद साइप्रस के लिमासोल में होटल के बाहर बड़ी तादाद में मौजूद भारतीयों ने प्रधानमंत्री का जोरदार अंदाज में स्वागत किया। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर का पोस्टर नजर आया। पीएम ने हाथ हिलाकर सबका अभिवादन स्वीकार किया। साइप्रस प्रधानमंत्री की 15 जून से शुरू हुई तीन देशों (साइप्रस, कनाडा, क्रोएशिया) की यात्रा का पहला पड़ाव था।*

भारत के 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से सम्मान को ग्रहण करते पीएम ने जताया साइप्रस के राष्ट्रपति के प्रति आभार

## प्रधानमंत्री को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय'



*बोले मोदी, यह सम्मान दोनों देशों की शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है*

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** दुनियाभर के देशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का डंका बज रहा है। उन्हें 22 देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। अब इस सूची में साइप्रस के रूप में एक और देश का नाम शामिल हो गया है। जिनके राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने सोमवार को पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने साइप्रस के इस सम्मान को ग्रहण करने के बाद दिए अपने संबोधन में इसे भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान बताते हुए कहा कि ये उनके सामर्थ्य और आकांक्षाओं का सम्मान है। जिसके लिए मैं राष्ट्रपति निकोस, साइप्रस की सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। विदेश मंत्रालय ने 16 जून को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री अपनी तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा के तहत बीते 15 से 16 जून तक साइप्रस की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन का सम्मान

*प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को भारत और साइप्रस के बीच लंबे समय से चले आ रहे मधुर संबंधों को समर्पित किया। साथ ही कहा कि जिनकी नींव साझा मूल्यों और विश्वास पर टिकी हुई है। पीएम ने इस पुरस्कार को भारत के वसुधैव कुटुंबकम या विश्व एक परिवार है के सदियों पुराने दर्शन यानी विचारधारा की स्वीकृति बताया। जो वैश्विक शांति और प्रगति के लिए इसके दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करता है।*

## इजरायल के साथ युद्ध के बीच ईरान ने स्वीकार किया भारत का आग्रह

# जमीनी सीमाओं से होगी ईरान में फंसे हुए भारतीय छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी



*विदेश मंत्री जयशंकर ने की यूएई, आर्मेनिया के विदेश मंत्रियों से बातचीत*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल के साथ जारी युद्ध के बीच सोमवार को ईरान ने भारतीय छात्रों की सुरक्षित स्वदेश वापसी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी और उसमें बताया कि देश में जारी तनाव की वजह से हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) बंद है। लेकिन सभी जमीनी सीमाएं खुली हुई हैं और उनसे भारतीय नागरिकों (छात्र भी शामिल हैं) की वतन वापसी सुनिश्चित की जा सकती है। इस मामले को लेकर हाल ही में भारत के कूटनीतिक मिशन द्वारा ईरान ने आग्रह किया गया था। जिसे लेकर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपनी मंजूरी प्रदान की है।

साथ ही भारत को अपने जनरल प्रोटोकॉल विभाग को जमीनी सीमा को पार करने वाले नागरिकों के नाम, पासपोर्ट नंबर और वाहन के बारे में जानकारी देने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि वर्तमान में ईरान में मौजूद भारतीय छात्रों का अनुमानित आंकड़ा करीब 1500 से 3 हजार है। इनमें से ज्यादातर एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले जम्मू-कश्मीर के छात्र हैं। जिनकी सुरक्षित भारत वापसी के लिए बीते दिनों केंद्रशासित प्रदेश के छात्र संघ ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से लिखित में अनुरोध किया था।

### जयशंकर ने की यूएई के समकक्ष से बातचीत

*उधर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूएई और आर्मेनिया के विदेश मंत्रियों से बातचीत की है। एक्स पोस्ट में उन्होंने बताया कि यूएई के विदेश मंत्री एबी जायद से टेलीफोन पर हुई बातचीत में पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति और कूटनीति की भूमिका पर चर्चा की गई। दोनों ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान से बातचीत में क्षेत्र में चल रहे विकास और हमारे घनिष्ठ सहयोग पर चर्चा की गई।*

### सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए छात्र

*विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ईरान में बने हुए सुरक्षा हालातों पर लगातार निगरानी रखने के अलावा भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके संपर्क में बना हुआ है। कुछ मामलों में छात्रों को दूतावास की मदद से ईरान में सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। अन्य सुविधाजनक विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। जल्द अपडेट के साथ जानकारी साझा की जाएगी। दूतावास अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए समुदाय के नेताओं के भी संपर्क में बना हुआ है।*

### बाकी देशों ने भी साधा ईरान से संपर्क

*अराघची ने ये भी स्पष्ट किया है कि इजरायल के साथ जारी मौजूदा युद्ध के बीच सभी हवाईअड्डे बंद हैं। इसके अलावा कई देशों की तरफ से राजनयिकों और अपने नागरिकों को बाहर निकालने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं। जिसे देखते हुए हम सभी को यह सूचित करना चाहते हैं कि ईरान से बाहर जाने के लिए उसकी तमाम जमीनी सीमाएं खुली हुई हैं। भारत का युद्ध के बीच इजरायल और ईरान से यही कहना है कि वो तनाव को बढ़ाने वाले आक्रामक कदमों को उठाने से बचें और संयम बरतें। साथ ही बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान निकालने पर ध्यान केंद्रित करें।*

## भाजपा ने कर्नाटक में दोबारा जातिगत जनगणना कराने पर कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

# कांग्रेस सामाजिक न्याय का ढोंग सिर्फ सामाजिक विभाजन के लिए करती हैः मंत्री भूपेंद्र यादव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के दोबारा जातिगत जनगणना कराने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ धोखा किया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पिछली



गणना पर 165 करोड़ रुपये से अधिक सार्वजनिक धन खर्च हुआ। दोबारा जनगणना कराने पर जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सामाजिक न्याय का ढोंग सिर्फ चुनावी उद्देश्यों के लिए सामाजिक विभाजन के लिए करती है। भाजपा नेता भूपेंद्र यादव ने कहा कि इस देश में ओबीसी समाज के साथ कांग्रेस ने हमेशा धोखा किया है। अगर कांग्रेस के मन में कभी सच्चाई रही होती, तो काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस ने कोई दूसरा कमीशन ही नहीं बनाया। देश से जब कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 5 पर

# पंजाब भाजपा अध्यक्ष जाखड़ ने की ड्रग मनी ट्रेल जांच की मांग, सीएम मान को लिखा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर ड्रग मनी ट्रेल की जांच की मांग की है। उन्होंने पत्र में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की प्रत्यक्ष निगरानी में ड्रग मनी ट्रेल की 'समयबद्ध' एजेंसी या बहु-एजेंसी जांच की मांग की है, ताकि



ताकतवर और अंतिम लाभार्थियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पंजाब के कई राजनेताओं की किस्मत चमक उठी है, क्योंकि जो विधायक साइकिल से आते थे, उनके पास अब लग्जरी कारें और फार्म हाउस हैं, जो महज संयोग नहीं हो सकता। जाखड़ ने सीएम मान को लिखे पत्र में कहा कि वह पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की प्रत्यक्ष निगरानी में तत्काल जांच की आवश्यकता की ओर उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए लिख रहे हैं, ताकि ड्रग मनी ट्रेल में शक्तिशाली और प्रभावशाली अंतिम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हरियाणा सरकार का 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए सैद्धांतिक समर्थन

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से लोकतंत्र को मिलेगा नया आयामः सीएम नायब

संयुक्त संसदीय समिति ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर अध्ययन दौरा के दौरान की विभिन्न बैठकें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' (एक राष्ट्र, एक चुनाव) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त और समन्वित लोकतंत्र की दिशा में राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। हरियाणा सरकार इस पहल का सैद्धांतिक समर्थन करती है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से देश को बहुआयामी लाभ मिलेंगे। मुख्यमंत्री सैनी सोमवार को चंडीगढ़ में आयोजित संयुक्त संसदीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह संयुक्त संसदीय समिति संविधान (129वां) संशोधन विधेयक, 2024 और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर अध्ययन दौरे पर है। इस अवसर पर समिति



के अध्यक्ष सांसद पी.पी. चौधरी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य भर्तृहरि महताब, ईटी मोहम्मद बशीर,विजय कुमार हांसदा, येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी, घनश्याम तिवाड़ी, पी. विल्सन, चंदन चौहान,मनीश तिवारी, अनिल यशवंत देसाई, डॉ. के लक्ष्मण, साकेत गोखले, सुश्री बाँसुरी स्वराज और छोटे लाल के अलावा, हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सैनी ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' लागू होने से लोकतंत्र में बड़ा सुधार होने वाला है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराए जाने से विकास कार्य बाधित होते हैं, प्रशासनिक मशीनरी चुनावों में व्यस्त हो जाती है और आम-जन पर इसका सीधा असर पड़ता है। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए बताया कि बीते एक वर्ष में हरियाणा ने तीन बड़े चुनावों का सामना किया। इनमें मार्च से जून 2024 तक लोकसभा चुनाव, अगस्त से अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव और फरवरी से मार्च 2025 तक नगर निकाय चुनाव हुए। इन सभी चुनावों की आचार संहिता के चलते राज्य में विकास कार्यों की गति प्रभावित रही। प्रशासनिक मशीनरी चुनाव में व्यस्त हो गई, और आमजन को इसका प्रत्यक्ष असर झेलना पड़ा। सिर्फ यही नहीं, चुनावों पर होने ▶▶ शेष पेज 5 पर




## खबर संक्षेप

### 15 वर्षीय किशोरी ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में 15 वर्षीय एक किशोरी ने अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि किशोरी बख्तावरपुर इलाके में स्थित अपने घर में फंदे से लटकी हुई मिली, जिसके बाद उसके पिता उसे बुराड़ी के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि उसने अपने सुसाइड नोट में अपने माता-पिता और भाइयों से इस कदम के लिए माफी मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, सुसाइड नोट में किशोरी ने यह भी लिखा कि उसने कथित रूप से माता-पिता द्वारा डांटे जाने के बाद आत्महत्या की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में पूर्वाह्न 10 बजकर 12 मिनट पर कॉल आई, जिसके बाद पुलिस की एक टीम अस्पताल भेजी गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### आईपीयू के एम एड की काउंसलिंग 19 जून को

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के एम एड प्रोग्राम, कोड 120, की काउंसलिंग ऑफलाइन मोड में द्वारका कैंपस में 19 जून को आयोजित की जाएगी। आईपीयू प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उसी दिन इस प्रोग्राम के लिए आयोजित सीईटी के सभी उतीर्ण आवेदकों के दाखिले से संबद्ध दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के बाद सीईटी के रैंक के अनुसार सीटों का आवंटन किया जाएगा। आवेदक को यूनिवर्सिटी कुलसचिव के नाम से निर्गत 96 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट भी काउंसलिंग के दिन लाना है। इसके अलावा चार पासपोर्ट आकार के फोटो, सीईटी रैंक कार्ड, सीईटी एडमिट कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आदि भी साथ लाना है। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ़ एजुकेशन में उपलब्ध है।





## 200 से अधिक मकानों को किया गया ध्वस्त

# अशोक विहार, वजीरपुर इलाके में चला बुलडोजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार और उत्तर दिल्ली के वजीरपुर इलाके में प्राधिकारियों ने सोमवार को भारी पुलिस तैनाती के बीच ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया कि अशोक विहार में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। वहां करीब 250 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का एक दल सोमवार सुबह ध्वस्तीकरण अभियान के लिए खुदाई वाली मशीनें लेकर अशोक विहार के जेलर वाला बाग इलाके में पहुंचा। उन्होंने बताया कि वहां सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए 200 से अधिक मकानों को



पुलिस बल तैनात...

ध्वस्त किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि वजीरपुर में एक रेलवे लाइन के समीप भी अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए ऐसा ही अभियान शुरू किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस कर्मियों के साथ अर्द्धसैन्य बल की दो कंपनी मौके पर मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कानून एवं व्यवस्था की स्थिति भंग न हो। इस महीने इलाके में यह दूसरा ध्वस्तीकरण अभियान है।

दो जून को ध्वस्तीकरण अभियान के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि अगर किसी रेलवे लाइन पर अतिक्रमण किया जाता है और कोई दुर्घटना हो जाती है तो कौन जिम्मेदार होगा?' पिछले कुछ सप्ताहों में दक्षिण-पूर्व दिल्ली में भूमिहीन कैंप और मद्रासी कैंप में भी ऐसे ही अभियान चलाए गए हैं।



### भाजपा गरीबी नहीं, गरीबों को करना चाहती है खत्म : यादव

नई दिल्ली। भाजपा गरीबी नहीं, गरीबों को खत्म करना चाहती है लेकिन कांग्रेस झुग्गीवालों के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं के साथ बेघर हुए लोगों से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया कि कांग्रेस आपकी सहायता के लिए हर संभव कोशिश करेगी, अगर आपके अधिकारों के लिए सरकार से लड़ना भी पड़ा तो लड़ेंगे। यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण 30-40 सालों से झुग्गियों में रह रहे लोगों को मकान नहीं मिले और इन्हें भी उजाड़ा जा रहा है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जैसे कांग्रेस सरकार ने 2011 में अध्यादेश लाकर लाखों लोगों को बेघर होने से बचाया था, भाजपा सरकार उसी प्रकार दिल्ली में झुग्गियों की तोड़फोड़ को रुकवाने के लिए तुरंत अध्यादेश लाए ताकि गरीबों के आशियाने उजड़ने से बच सकें। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही 100 दिनों में मोदी गरीब विरोधी नीति पर दिल्ली में 20 जगह बुलडोजर चलाए जिनमें प्रमुख कालकाजी का भूमिहीन कैंप, 70 साल पुराना मद्रासी कैंप, सुल्तानपुरी की 50 साल पुरानी झुग्गियां, शास्त्री पार्क यमुना खादर, बाटला हाउस आदि शामिल है।

### आप नेताओं ने की कड़ी निंदा

नई दिल्ली। दिल्ली के वजीरपुर के जेलरवाला बाग में गरीब विरोधी भाजपा सरकार द्वारा तोड़ी जा रही झुग्गियों के खिलाफ गरीबों की आवाज उठाने पहुंचे आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व पूर्व विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आप नेताओं ने सोमवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेताओं ने भाजपा सरकार द्वारा तोड़फोड़ की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आखिर भाजपा चाहती क्या है? क्या दिल्ली की सभी झुग्गियां तोड़ना चाहती है, तो फिर मोदी ने क्या चुनाव के वक्त 'जहां झुग्गी-वहां मकान' का झूठ बोला था? वहीं, अखिलेशपति त्रिपाठी का कहना है कि हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद बिना घर दिए झुग्गी-झोपड़ी उजाड़ने का विरोध करने पर मुझे व विकास गोयल समेत 'आप' कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया।

## ई-कॉमर्स कंपनियों को फर्जी रिटर्न के जरिए ठगने वाला डिलीवरी ब्वॉय अरेस्ट




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका में 22 वर्षीय डिलीवरी ब्वॉय को विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप हैं कि डिलीवरी ब्वॉय ने लौटाए गए सामान को पुराने या इस्तेमाल किए गए सामान से बदल दिया और उन्हें असली रिटर्न के तौर पर जमा कर दिया। इससे कंपनियों को वित्तीय नुकसान हो रहा था। आरोपी का नाम किशन बताया गया है। शिकायत सामने आने के बाद बिंदापुर थाने में एक ईएफआईआर दर्ज की थी।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार शिकायत पर कार्रवाई करते हुए टीम ने उत्तम नगर के राजापुरी इलाके से आरोपी का पता लगाया और उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से धोखाधड़ी से बदले गए कुल 38 पैकेज बरामद किए गए, जिसमें 22 पैकेट कपड़े, तीन कलाई घड़ियां, दो जोड़ी चप्पल, एक जोड़ी जूते और अन्य सामान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बिंदापुर और उत्तम नगर पुलिस थानों में पहले से दर्ज प्राथमिकी से संबंधित में एक टैबलेट और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

### कैलाश कॉलोनी: एक कार्यालय में लगी आग, कोई जख्मी नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली की कैलाश कॉलोनी के मुख्य बाजार में स्थित एक कार्यालय में



सोमवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक आग लगने की घटना में किसी के जख्मी या हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल के अनुसार सुबह 10.25 बजे कैलाश कॉलोनी के मुख्य बाजार में स्थित एक दफ्तर में आग लगने की सूचना मिली थी। हमने दमकल की तीन गाड़ियों को तत्काल मौके पर भेजा। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची। दमकल और पुलिस की टीमों ने तत्काल इमारत को खाली कराया। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक 11.05 बजे तक आग को पूरी तरह से बूझा दिया गया था। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया मंचो पर सामने आए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच की जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## कोटला मुबारकपुर : दुकानदारों में हिंसक झड़प, एक को चाकू घोंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के कोटला मुबारकपुर में दो दुकानदारों के बीच रविवार रात झगड़ा हो गया। इस दौरान एक दुकानदार और उसके बेटों ने कथित तौर पर पड़ोसी की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी पर चाकू से तोबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल कर्मचारी का नाम अजय बताया गया है। उसे गंभीर हालत में एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया हैं। हालत नाजुक बताई गई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। आरोपी गिरफ्तार भी कर लिये गये हैं। बताया गया है कि ग्राहकों को पहले अपनी दुकान पर बुलाने को लेकर इनके बीच झगड़ा हुआ था।



पुलिस के अनुसार कोटला मुबारकपुर में डाकघर के साथ हंसराज और राम सेवक की कपड़ों की दुकान हैं। अक्सर दोनों दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारी बाहर खड़े होकर ग्राहकों को आवाज लगाकर बुलाते रहते हैं। रविवार शाम को भी हंसराज की दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी अजय बाहर खड़ा होकर ग्राहकों को बुला रहा था। इस दौरान रामसेवक के साथ दुकान पर बैठे उनके बेटे अमन और जय ने अजय के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि अजय उनकी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को बुलाकर अपनी दुकान पर लेकर जा रहा है। इस पर दोनों में झगड़ा होने लगा और अमन और जय ने अजय पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो भी प्रसारित हुआ है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि अमन, अजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर रहा है और हंसराज उसका हाथ पकड़ कर अजय को बचाने का प्रयास कर रहा है। आरोपियों ने अजय की गर्दन, सीने, पेट और कमर पर कई वार किये।

### नशे में धुत व्यक्ति ने डिवाइडर पर चढ़ाई कार, दो धरे

नई दिल्ली। एलएनजेपी अस्पताल के पास सोमवार सुबह नशे की हालत में एक व्यक्ति ने कार डिवाइडर पर चढ़ा दी। पुलिस ने कार चालक और सवार दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार में सवार दूसरे व्यक्ति को इसलिये गिरफ्तार किया, क्योंकि वह भी नशे की हालत में पाया गया। पुलिस के अनुसार घटना के समय कार सड़क पर विपरीत दिशा की लेन में मिली। दोनों आरोपी नोएडा के रहने वाले बताये गये हैं और वे नशे की हालत में थे। लापरवाही से वाहन चलाते हुए चालक ने गाड़ी को डिवाइडर पर चढ़ा दिया। मेडिकल जांच में भी इस बात की पुष्टि हुई कि दोनों नशे की हालत में थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण सिंह, पुत्रः प्रेम सिंह, पताः एस–230, विष्णु गार्डन, दिल्ली** ने **FIR No. 551/20, U/s: 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करण सिंह** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करण सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अभियुक्त **करण सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री शशांक नंदन भट्ट,
जेएमएफसी–02, पश्चिम, तीसरी मंजिल, कमरा नंबर 356
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/7635/WD/2025

## बजाज फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चल रहा था स्कैम

# फर्जी लोन स्कैम का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी-उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने फर्जी लोन स्कैम का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में दो प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। यह स्कैम बजाज फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चल रहा था। शिकायतकर्ता से 1,92,599 रुपये की ठगी की गई थी। गिरफ्तार किये गये जालसाजों के नाम पवन कुमार और मोहम्मद रहबर है। आरोपी बजाज फाइनेंस के प्रतिनिधि बनकर लोन की पेशकश करके और फर्जी बैंक खातों के माध्यम से धन की हेराफेरी करके पीड़ितों को ठगने में शामिल थे।

पुलिस के अनुसार एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें 1,92,599 रुपये की धोखाधड़ी की सूचना दी गई थी। दरअसल भलस्वा डेयरी के रहने वाले शिकायतकर्ता एमडी हसीब से धोखेबाजों ने बजाज फाइनेंस के प्रतिनिधि बनकर 25 लाख का लोन देने




की पेशकश की थी। पॉलिसी और प्रसंस्करण शुल्क के रूप में राशि स्थानांतरित करने के बाद उन्हें कोई ऋण नहीं मिला और उनके बैंक खाते से

- शिकायतकर्ता से 1,92,599 रुपये की ठगी की गई थी

अनधिकृत कटौती का पता चला। 25 अप्रैल 2024 को धारा 420 आईपीसी के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

टीम ने तकनीकी निगरानी और वित्तीय विश्लेषण किया। तिलक नगर और सभापुर एक्सटेंशन, दिल्ली सहित कई स्थानों पर छापे मारे गए। पवन कुमार और मोहम्मद रहबर को नोटिस दिए गए थे लेकिन वे पूछताछ में शामिल नहीं हुये। इसके बाद उन्हें 9 जून और 13 जून को गिरफ्तार किया गया। आरोपी देशभर में इसी तरह के लोन धोखाधड़ी की कई शिकायतों से जुड़े पाये गये हैं, जिनमें से 10 से अधिक संबंधित शिकायतों की जांच चल रही है। इनके सह-आरोपी संदीप और यशीश का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

### ऑटो संगठन ने परिवहन आयुक्त से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की परिवहन विभाग की आयुक्त निहारिका से सोमवार को ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने अपने अन्य सहयोगी संगठनों एवं ऑटो टैक्सी चालकों के साथ परिवहन मुख्यालय में मुलाकात की। यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग की आयुक्त राय को ऑटो टैक्सी चालकों की रोजमर्रा हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि परिवहन आयुक्त ने जल्द संगठन के साथ ऑटो टैक्सी चालकों के मुद्दों पर बैठक किए जाने का आश्वासन दिया है और कहा कि संगठन के सहयोग के बिना परिवहन विभाग कुछ नहीं कर सकता। संगठन के साथ आए दिन ऑटो टैक्सी चालकों के जटिल मुद्दे पर चर्चा जरूर होगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलमान उर्फ इमरान पुत्र** अब्दुल सलीम **निवासी:** म.नं. टी-132, दिलदार नगर बस्ती, हज़रत निज़ामुद्दीन, नई दिल्ली ने **FIR No. 88/22 दिनांक 11.03.2022 U/s 25/54/59 Arms Act. थानाः हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सलमान उर्फ इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सलमान उर्फ इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 88/22 दिनांक 11.03.2022 U/s 25/54/59 Arms Act. थानाः हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री कार्तिक टपारिया
एलडी. जेएमएफसी-03, कमरा नं. 512
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/7612/SE/2025
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-ए औषधि के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को एंटी-हेमोफाइलिक फैक्टर-VIII (आरएफ-VIII) एक्सटेंडेड हाफ लाइफ इंजैक्शन 500 आईयू की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 13.06.2025 14.07.2025 | 7.33 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/20/35652/I/88/7 दि. 16.06.25

## दिल्ली में दिल्लीवालों की सेवा करने वाली बनी है सरकार : हरदीप पुरी

# भाजपा ने मोदी सरकार के 11 साल व दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में एक उद्देश्य वाली और दिल्लीवालों की सेवा करने वाली सरकार बनी है और खासकर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को धन्यवाद देना चाहूंगा क्योंकि इनके नेतृत्व में 27 सालों के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर और दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी के दौरान केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय के लिए जो मील का पत्थर रेखा गुप्ता की सरकार ने रखे हैं वह दिल्लीवालों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। बता दें कि इस संबोधन से पहले प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया एवं प्रवीण खंडेलवाल सहित प्रदेश पदाधिकारी, विधायक एवं प्रदर्शनी के संयोजक विधायक अनिल शर्मा भी उपस्थित थे।




### मोदी सरकार के 11 वर्ष सही मायनों में युग परिवर्तन : सचदेवा

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष सही मायनों में युग परिवर्तन है। यह 11 साल विश्वास, प्रगति, भरोसे और सामाजिक उत्थान के लिए है। इस 11 सालों के स्वर्णिम काल भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में है। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल के अलावा दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के 100 दिन में किए गए कार्यों की भी प्रदर्शनी लगाई गई है। कैसे एक सरकार सिर्फ 100 दिनों में जनता के विश्वास अर्जित करती है और एक भरोसा देती है विकास कार्यों के लिए। हम इस प्रदर्शनी को लेकर प्रत्येक जिला और मंडल में जा रहे हैं ताकि दिल्ली की जन-जन तक इसको पहुंचाया जा सके।

### प्रदर्शनी में मोदी सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया

सरदार हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में मोदी सरकार ने पिछले 11 सालों में जो भी जन कल्याण की योजनाएं चलाई है, उसके बारे में आप सब को पता है। आज की प्रदर्शनी में उन सभी उपलब्धियों को दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज जो अंतरर्राष्ट्रीय स्थिति बनी हुई है, उसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को चौथे स्थान पर पहुंचाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि दिल्ली ने इलेक्ट्रिक बसों को अपनाया है और उम्मीद है कि इलेक्ट्रिक के अलावा हम हाइड्रोजन की ओर भी तेजी से बढ़ेंगे। आज दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार ने कूड़े के पहाड़ के अलावा यमुना की सफाई को तवज्जों दी है इसलिए प्रदूषण को कम करने के लिए अच्छा काम हो रहा है, और आने वाले समय में आप इसका परिणाम देखेंगे।

### डबल इंजन की सरकार का काम सबको दिखाई दे रहा : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केन्द्र के 11 साल और दिल्ली के 100 दिन पूरे हुए हैं और जिस प्रकार से दिल्ली में लगातार डबल इंजन की सरकार काम कर रही है, वह सबको दिखाई दे रहा है। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में डबल गति के साथ विकास होने जा रहा है और जो भी टारगेट हमने लिए हैं चाहे वह वायु प्रदूषण हो, जल, बिजली, यमुना से लेकर सड़कें हो, सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है।

## महापौर ने दुर्घटना के शिकार के आश्रित को सौंपा नियुक्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- भाजपा सरकार निगम के सफाई कर्मियों के प्रति संवेदनशील : महापौर

दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह, उप-महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा और नेता सदन प्रवेश वाही की ओर से दुर्घटना में पैर गंवाने वाले सफाई कर्मचारी शीश पाल के आश्रित पुत्र को दिल्ली नगर निगम में नियमित आधार पर नौकरी का नियुक्ति का पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही, सोमवार को दिल्ली नगर निगम के 200 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मियों को नियमित करने संबंधी पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर लाभार्थी शीश पाल के परिवार ने महापौर राजा इकबाल और दिल्ली नगर निगम का धन्यवाद अदा किया। इस अवसर पर महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की भाजपा सरकार निगम के सफाई कर्मियों के प्रति संवेदनशील है और हर सुख-दुख में उनके साथ है।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की भाजपा सरकार द्वारा सत्ता में आते ही सफाई कर्मियों के नियमितीकरण का कार्य तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थायी समिति बने अभी कुछ ही हफ्ते हुए हैं और 200 सफाई कर्मियों को आज नियमित किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि जल्द ही बाकी बचे अस्थायी सफाई कर्मियों को भी तेजी से नियमित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सरकारी विभागों में खाली हैं पद, कांग्रेस प्रवक्ता ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली में बीते दस वर्षों से दिल्ली के शिक्षा और चिकित्सा विभाग सहित कई अहम सरकारी महकमों में लाखों पद खाली पड़े हैं। इन पदों पर न तो कोई नियुक्ति की जा रही है और न ही कोई पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया दिखाई देती है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ. नरेश कुमार ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सोमवार को गंभीर सवाल खड़े करते हुए इसे तत्काल भंग करने और एक स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग की है। इस संबंध में डॉ नरेश कुमार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन लिखा है जिसकी एक प्रति उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी भेजी है।

### मेगा जॉब फेयर में आएं शिक्षित बेरोजगारः दानिश

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भले ही दो करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने का वादा बेरोजगारों से किया हो, पर आज तक दो करोड़ नौकरियां दे नहीं पाए। नाजिया ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में विपरीत परिस्थितियों में विपक्ष में बैठकर देश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए 100 से अधिक मल्टीनेशनल कंपनियों में हजारों नौकरियां दिलवाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत कांग्रेस की तरफ से 19 जून को राहुल गांधी के जन्मदिन पर तालकटोरा स्टेडियम में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। उन्होंने शिक्षित बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे मेगा जॉब फेयर में अवश्य पहुंचे।

## दिल्ली के प्रथम सीएम की 107वीं जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- चौधरी ब्रह्म प्रकाश का दूरदर्शी नेतृत्व और अमिट विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव करेगा प्रेरित : विजेंद्र गुप्ता

चौधरी ब्रह्म प्रकाश का दूरदर्शी नेतृत्व और उनकी अमर विरासत सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ब्रह्म प्रकाश की 107वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अध्यक्ष गुप्ता के अलावा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक निर्माण एवं विधायी कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, सहकारिता एवं निर्वाचन मंत्री इन्द्राज सिंह, नगर निगम के उपमहापौर जय भगवान यादव तथा मुख्य सचेतक अभय वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चौधरी ब्रह्म प्रकाश के जीवन से जुड़ी दुर्लभ और ऐतिहासिक झलकियों की एक विशेष फोटो प्रदर्शनी भी विधानसभा परिसर में लगाई गई।

लोक निर्माण एवं विधायी कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि चौधरी ब्रह्म प्रकाश ने संसद में सदर और बाहरी दिल्ली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और बाद में चौधरी चरण सिंह के साथ भी कार्य किया। उन्होंने यह भी स्मरण किया कि उनके पिता स्व. साहिब सिंह वर्मा ने वर्ष 1979 में चौधरी ब्रह्म प्रकाश का चित्र विधानसभा में स्थापित किया था। वहीं, समाज कल्याण मंत्री इन्द्राज सिंह ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश के आजीवन समर्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा वंचितों और कमजोर वर्गों के हित में कार्य किया और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

### साहिब सिंह वर्मा ने दिल्ली विधानसभा परिसर में स्थापित की प्रतिमा

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश के योगदान को याद करते हुए कहा कि 15 मार्च 1979 को तत्कालीन नेता स्व. साहिब सिंह वर्मा ने दिल्ली विधानसभा परिसर में चौधरी ब्रह्म प्रकाश की प्रतिमा की स्थापना की थी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि स्व. साहिब सिंह वर्मा स्वयं चौधरी ब्रह्म प्रकाश से गहराई से प्रभावित थे और उन्हें अपना राजनीतिक मार्गदर्शक मानते थे।

## सुनियोजित तरीके से तोड़फोड़ करना बंग्ला व हिंदू संस्कृति पर हमलाः सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### भाजपा ने दिल्ली स्थित बंगलादेश उच्चायोग पर किया रोष प्रदर्शन



भारत रत्न नोबल पुरस्कार सम्मानित श्रद्धेय रबिंद्र नाथ टैगोर के पैतृक निवास (संग्रहालय) पर सुनियोजित तरीके से तोड़फोड़ करना सिर्फ एक हमला नहीं बल्कि यह बंग्ला और हिंदू संस्कृति पर हमला है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा नई दिल्ली स्थित बंग्लादेश उच्चायोग पर विशाल रोष प्रदर्शन के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि बंग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर हो रहा हमला बताता है कि बंग्लादेश किन हाथों में खेल रहा है। वहीं, इस दौरान सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि रवींद्र नाथ टैगोर के दिखाए रास्ते और उनकी एक एक बात बांग्ला और बंगाल का आभूषण समझा जाता है लेकिन उनके पैतृक आवास पर सुनियोजित हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हम बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की निंदा करते हैं। इस पूरे माले में अभी तक कोई कार्रवाई ना होना भी वर्तमान सरकार पर सवाल खड़े करता है और सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि दिल्ली में आज इस प्रदर्शन की यह तस्वीर बांग्लादेश के हिंदुओं को एक ताकत देगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी तीन मूर्ति चौक स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय पर एकत्र हुए और दो पुलिस बैरिकेड्स तोड़ते हुए बंग्लादेश उच्चायोग की ओर बढ़े जहां से एक बड़े पुलिस दल ने उन्हें बलपूर्वक रोका और चाणक्य पुरी थाने ले गई। करीब आधे घंटे बाद सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। हाथ में श्रद्धेय रबिंद्र नाथ टैगोर के चित्र एवं नारे लिखी तखतियां पकड़े प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे भारत रत्न रबिंद्र नाथ टैगोर का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। प्रदर्शन में अनेक विधायकों एवं निगम पार्षदों के साथ प्रदेश पदाधिकारी शामिल रहे।

## दिल्ली में पानी और बिजली की व्यवस्था बिल्कुल चरमराईः सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, दिल्ली में पानी और बिजली की व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है और भाजपा ने दिल्ली की जनता को ठग लिया है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए यह बाते कही। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि 100 दिन के कार्यकाल में ही भाजपा ने दिल्ली को नर्क बना दिया है। भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली वालों को मुसीबत में छोड़कर अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार कर रहीं हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल कार्यालय के कर्मचारी ने ट्वीट कर कहा कि 2 घंटे से बिजली गुल है, जब उपराज्यपाल कार्यालय का यह हाल है तो बाकी दिल्ली का क्या हाल होगा?

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में इतने बुरे हालात हैं, जगह-जगह बिजली के कट लग रहे हैं, 5-5 घंटे से लेकर 14-14 घंटे बिजली के कट लग रहे हैं, दिल्ली की जनता परेशान है और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली की जनता की सुद लेने और दिल्ली की बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने के बजाय अन्य राज्यों में जाकर चुनाव प्रचार का काम कर रही हैं।

## भाजपा का सत्ता में आते ही शुरू हुआ भ्रष्टाचार : अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सत्ता संभालते ही भाजपा ने फिर से भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी के एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ताजा मामला एक रियल एस्टेट कंपनी एस्ट्रॉयड शेल्टर्स होम्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। लॉरेंस रोड स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया में कंपनी के एक प्रोजेक्ट के सामने कूड़ा घर व एक सरकारी ऑफिस है, जिसे हटाने के लिए भाजपा के महापौर राजा इकबाल सिंह ने एक प्रस्ताव एमसीडी सदन में टेबल किया है और इस प्रस्ताव के पास होने से कंपनी के प्रोजेक्ट की कीमत लगभग 150 से 200 करोड़ बढ़ जाएगी, जबकि कूड़ा घर व ऑफिस हटाने में महज 60-70 लाख रुपए ही खर्च होंगे। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि महापौर के प्रस्ताव में भ्रष्टाचार साफ दिख रहा है। आखिर प्रस्ताव लाने की इतनी जल्दबाजी क्यों है, महापौर और भाजपा नेताओं का इसमें क्या हित छिपा है? नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि पहले यह प्रस्ताव स्थायी समिति में लाना चाहिए, लेकिन सत्ता से लोभ लेने के चक्कर में महापौर ने एमसीडी के अधिकारों का हनन किया है।

वरिष्ठ निगम पार्षद एवं इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता मुकेश गोयल ने हाल ही में निगम के सदन की बैठक में ऑन टेबल लाये गये प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह और निगम आयुक्त अश्विनी कुमार को पत्र लिखकर इस पर पुनर्विचार की मांग की है। नेता मुकेश गोयल ने कहा है कि हमें यह भी देखना होगा कि कोई प्राईवेट कंपनी अपने निजी फायदे के लिए जनता से जुड़ा कोई बड़ा नुकसान नहीं करा दे।

### वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक मशीनों की कार्यप्रणाली का किया निरीक्षण

## दिल्ली को प्रदूषण रहित बनाने के लिए हाईटेक मशीनों की होगी तैनातीः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली को स्वच्छ व प्रदूषण रहित बनाने के लिए अत्याधुनिक (हाईटेक) मशीनों की खरीद और तैनाती की जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि हर विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक मशीन की तैनाती हो। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय के बाहर वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक मशीनों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करने के बाद यह जानकारी मीडिया को दी। इस दौरान उन्होंने आधुनिक तकनीक से लैस इन मशीनों की कार्यकुशलता का संचालन ध्यानपूर्वक देखा और अधिकारियों से जानकारी ली। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित पर्यावरण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। सड़कों के किनारे जमी गंदगी, धूल और मिट्टी राजधानी की हवा को लगातार प्रदूषित कर नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही थी। इस चुनौती से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने इस वर्ष के बजट में विशेष प्रावधान किया है, जिसके तहत सड़कों की सफाई के लिए अत्याधुनिक मशीनों की तैनाती की जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि पूरे वर्ष दिल्ली की सड़कों पर नियमित सफाई और वॉटर स्प्रिंकलिंग सुनिश्चित किया जाए।


### दिल्ली सरकार उठा रही है ठोस कदम : सिरसा

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आज का दिन राजधानी को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और आधुनिक पहल है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है, ताकि दिल्लीवासियों को बेहतर वायु गुणवत्ता और स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन अत्याधुनिक मशीनों का आज प्रदर्शन किया गया है, वे निकट भविष्य में दिल्ली की सड़कों पर धूल और गंदगी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाएंगी।

### हर विधानसभा क्षेत्र में तैनात हो आधुनिक मशीन

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इसी दिशा में विभिन्न अत्याधुनिक मशीनों का प्रदर्शन (डेमो) किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि हर विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक मशीन की तैनाती हो। दिल्ली सचिवालय में प्रदर्शित की गई मशीनों वॉटर स्प्रिंकलर मशीन इंटीग्रेटेड विद एंटी स्मॉग मशीन वॉटर स्प्रिंकलर मशीन इंटीग्रेटेड विद एंटी स्मॉग मशीन में 17 हजार लीटर क्षमता वाला वॉटर टैंक शामिल है, जो लगातार चार घंटे तक पानी का छिड़काव करने में सक्षम है। इसमें लगे 50 माइक्रोन नोजल के माध्यम से किया गया फाइन स्प्रे वायु में मौजूद पीएम 2.5 और पीएम 10 कणों को प्रभावी ढंग से कम करने का कार्य करेगा। साथ ही यह मशीन ऊंचे पेड़ों से धूल हटाने में भी सक्षम रहेगी।

## 'ग्रीन एक्शन प्लान को मिलेगा वैश्विक तकनीक व सहयोग'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सिरसा ने कोरिया ईआईए के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

दिल्ली के ग्रीन एक्शन प्लान को वैश्विक तकनीक व सहयोग मिलेगा। दिल्ली सरकार के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में कोरिया एनवायरनमेंटल इंडस्ट्री एसोसिएशन (केईआईए) के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली एशिया का सबसे आधुनिक ग्रीन एक्शन प्लान लागू कर रहा है। कोरिया के साथ हमारा सहयोग इस रोडमैप को वैश्विक विशेषज्ञता व इनोवेशन से और मजबूत बनाएगा। कोरियाई प्रतिनिधियों ने दिल्ली को ग्रीन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कोरिया के ओवरसीज डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यक्रम के तहत हरसंभव तकनीकी सहयोग देने में गहरी रुचि जताई। प्रतिनिधिमंडल में पार्क जियोंग वूक (उप निदेशक, इंटरनेशनल कोऑपरेशन ब्यूरो - ग्लोबल ग्रीन प्रोजेक्ट टीम), चोई जीना (सेक्रेटरी जनरल) और इम सु ह्यून (प्लानिंग एंड कोऑर्डिनेशन टीम) शामिल रहीं।

## खबर संक्षेप

### एक करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने सोमवार को एक इसमें तस्कर को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से करीब 1 करोड़ रुपए की स्मैक, 01 इलैक्ट्रॉनिक वेट मशीन, 10,200 रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त 01 कार बरामद की गई है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्मैक की बिक्री करने वाले तस्कर सचिन को गिरफ्तार किया है।



### खेत से मोटर चुराने के मामले में दो को काबू किया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने खेत से क्राम्पटन मोटर चुराने के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने साहिल व सोहेब खान निवासी आजाद नगर झुग्गी सेक्टर 24 फरीदाबाद को लखानी चौक सेक्टर 24 से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बतलाया कि वह दोनों दोस्त है।



### चाकू से हमला करने वाला आरोपी पकड़ाया

**फरीदाबाद।** ससुराल वालों पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने काबू किया है। पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में सुशीला निवासी जीवन नगर ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसका दामाद लड़की के साथ मारपीट करता था।



# स्वच्छता पखवाड़े के तहत निगम ने सफाई कर्मचारियों का सम्मान कर कल्याण किट वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

**आयुक्त के मार्गदर्शन में सफाई कर्मचारियों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों पर स्वच्छता पखवाड़ा के आज 16 वे दिन निगम के कांफ्रेंस हॉल में निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में सफाई कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में सभी को कल्याण किट देकर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी निगम नीतीश परवाल, सफाई निरीक्षक मुख्यालय बिशन तेवतिया, कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर बालगुहेर ने सभी कर्मचारियों को कल्याण किट वितरित की।



**कर्मचारी स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाने में अव्वल रहेंगे**

इस मौके पर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी नीतीश ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारी नगर निगम की रीढ़ है, इसलिए उनका सम्मान सर्वोपरि है, सफाई अभियान तभी सफल होगा, तब हमारे सफाई कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर प्रधान बलबीर बालगुहेर ने कर्मचारियों को स्वच्छता पखवाड़े को हरियाणा में नंबर वन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नगर निगम प्रशासन को आश्वासन दिया कि नगर निगम के कर्मचारी स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाने में अव्वल रहेंगे।

### सफाई कार्य को बेहतर ढंग से किया जाए

कल्याण किट वितरण कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक जगबीर सिंह, सफाई निरीक्षक ओम प्रकाश शर्मा, सफाई निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन से एक्सपर्ट कल्पना मंडल मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि सफाई कर्मचारी गर्मी, सर्दी व बरसात में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करते है। सरकार व निगम प्रशासन समय से उनका वर्दी, वेतन, साबुन, तेल व अन्य एलाउंस दें ताकि कर्मचारी सफाई कार्य को बेहतर ढंग से करें।

**नवदीप सेवा समिति की पूरी टीम को बधाई दी**

# नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट ने छबील लगाकर ठंडे, मीठे जल का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा बीके चौक पर गर्मी के मौसम को देखते हुए छबील लगाकर लोगों का ठंडे व मीठे जल का वितरण किया गया।

इस मौके पर नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक यशपाल शर्मा ने आए हुए अतिथि थाना कोतवाली के प्रभारी मनजीत सिंह, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, करतार सिंह, अनूप चिंडालिया का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर आए हुए सभी अतिथियों ने अपने हाथों से ठंडे व मीठे जल का वितरण करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य सभी धर्मों के लोग ठंडे व मीठे जल का वितरण करते है। आज इसी कड़ी में नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा यह पुण्य कार्य किया गया है। इसके लिए नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट की पूरी टीम बधाई की पात्र है। इस अवसर पर एसोसिएशन ऑफ टैक्स लायर्स के प्रदेश महासचिव एडवोकेट संदीप सेठी, समाजसेवी नरेन्द्र जैन, एडवोकेट खेम सिंह, एडवोकेट दीपक गेरा, एडवोकेट अमित कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र नांदल, सुनील कुशवाहा, गोविन्द बिष्ट, वंदना भारद्वाज, एडवोकेट एनपी बघेल, हंसराज , सोहेल, सतपाल अजय वर्मा, मनीष , कैलाश मौर्य ने जल वितरण में सहयोग किया।

**जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा करेगी केंद्रीय टीम, शुरू हुआ तीन दिवसीय दौरा**

# जिले ने वर्ष 2024 में हासिल किए शत प्रतिशत लक्ष्य, वर्ष 2025 की कार्य प्रगति जारी: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान 2025 कैच द रेन और जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक के माध्यम से भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के निदेशक पंकज कुमार के नेतृत्व में आई दो सदस्य टीम को जल शक्ति अभियान व जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बैठक के बाद टीम ने गांव जसाना और शाहपुर खुर्द में ग्रामीणों से रुबरु होकर सीधा फीडबैक लिया। टीम ने गांवों का दौरा कर वहां के स्थानीय ग्रामीणों से जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के तहत किए गए विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ग्रामीणों ने भू-जल संरक्षण, छत वर्षा जल संचयन संरचनाओं, खाई एवं तालाब निर्माण जैसे प्रयासों के बारे में टीम को अवगत कराया। टीम ने इन संरचनाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया और उनकी वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन किया।

**खास बातें**

- पहले दिन विभागीय मीटिंग के बाद गांव शाहपुर खुर्द और जसाना में जल संरक्षण कार्यो का ग्रामीणों से लिया फीडबैक
- जल सरंक्षण कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित



**सामूहिक प्रयासों से ही भू-जल स्तर में सुधार लाया जा सकेगा**

निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके सामने आ रही जल संकट संबंधी समस्याओं को भी सुना और उनकी आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार टीम के साथ मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। टीम ने यह भी बताया कि सामूहिक प्रयासों से ही भू-जल स्तर में सुधार लाया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाया जा सकता है। एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज जिले में जल सरंक्षण कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी । उन्होंने बताया ने वर्ष 2024 में अपने सभी लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है और वर्ष 2025 में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के क्षेत्र में लगभग 90 नए कार्य किए गए हैं।

### नागरिकों को जल संचयन के प्रति जागरूक करें: डीसी

निदेशक पंकज कुमार ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया। जल शक्ति अभियान का उद्देश्य देश में घटते भूजल स्तर को बढ़ाना है और अब यह अभियान सकारात्मक परिणाम देता दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी दो दिनों तक वे फरीदाबाद जिले में जल संरक्षण से संबंधित परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। अंत में डीसी विक्रम सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर आम नागरिकों को जल संचयन के प्रति जागरूक करें और उन्हें इस कार्य में सहभागी बनाएं। उन्होंने यह भी अपील की कि ग्रामीण व शहरी नागरिक अपने आसपास के तालाबों की देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित करें।

**पुलिस टीम पर चलाई थी गोली, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज, भेजा जेल**

# कपड़ा कारोबारी से एक करोड़ फिरौती मांगने के आरोपी को मुठभेड़ में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने कार्रवाई करते हुए कपड़ा कारोबारी के घर पर फायरिंग करने के मामले में आरोपी करण गढवाल को मुठभेड़ के बाद काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अप्रैल को थाना सारन में एक करोड़ की रंगदारी का मामला दर्ज हुआ था, मामले में शिकायतकर्ता के घर पर गोलियां भी चलाई गई थी। इस मामले में अपराध शाखा सेक्टर 30 द्वारा आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है।



15 जून को क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से मामले के आरोपी करण गढ़वाल बारे गुरुग्राम-पाली रोड पर होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर अपराध शाखा की टीम गुरुग्राम पाली रोड नजदीक हनुमान मंदिर पहुंची, जहां आरोपी करण गढ़वाल खड़ा था, क्राइम ब्रांच की टीम को देखते ही वह भागने लगा और फिर पुलिस टीम पर फायर किया। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में आरोपी करण के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि इस घटनाक्रम के संबंध में पुलिस की टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने व अन्य संबंधित धाराओं के अंतर्गत थाना सूरजकुंड में मामला दर्ज किया गया। पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी करण गढ़वाल निवासी डबुआ कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी करण ने अपने दोस्त कमल भडाना के कहने पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर न्यू जनता कॉलोनी के एक कपड़े व्यापारी के घर पर गोलियां चलाई थी ।

# एमओईएफसीसी प्रमोशन काउंसिल के जिला मुख्य अधिकारी बने हरेंद्र नागर

**फरीदाबाद।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद ईकाई (एमओई एफसीसी) प्रमोशन काउंसिल इंडिया ने हरेंद्र नागर को जिला मुख्य अधिकारी नियुक्त किया है। यह काउंसिल भारत की पर्यावरण और वानिकी नीतियों और कार्यक्रमों की योजना, प्रचार, समन्वय और कार्यान्वयन की देखरेख के लिए केंद्र सरकार के प्रशासनिक ढांचे में नोडल एजेंसी है। काउंसिल के वाइस चेयरमैन शैलेश गर्ग ने दिल्ली स्थित कार्यालय में हरेंद्र नागर को नियुक्ति पत्र दिया। हरेंद्र नागर ने नियुक्ति के लिए काउंसिल के चेयरमैन राहुल द्विवेदी, वाइस चेयरमैन शैलेश गर्ग और हरियाणा प्रदेश चेयरमैन भारत शर्मा का आभार जताया। प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को जिले में आगे बढ़ाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला प्रदूषण के मामले में देश में पहले स्थान पर रहता है। वे जिले को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कार्य करेंगे। अधिक से अधिक पेड़ लगवाएंगे। साथ ही प्रदूषण फैलाने और नियमों का उल्लंघन करने वाली औद्योगिक ईकाइयों के खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।



**देश-विदेश से विद्वानों की सहभागिता, पांच सौ चार शोध प्रस्तुतियां प्राप्त**

# एश्लोन प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद स्थित एश्लोन प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय अभियंत्रण, विज्ञान तथा प्रबंध में उभरते प्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 2025 का भव्य आयोजन हुआ। यह दो दिवसीय सम्मेलन भौतिक तथा आभासी विधियों से संपन्न हुआ, जिसमें भारत तथा अन्य देशों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं औद्योगिक विशेषज्ञों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संगोष्ठी में कुल पांच सौ चार शोधपत्र प्राप्त हुए। सन 2007 में स्थापित एश्लोन प्रौद्योगिकी संस्थान नवाचार, अनुसंधान तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध, उद्योग-शिक्षा सहयोग तथा समाजोपयोगी तकनीकी विकास से जोड़ना है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रेरणा गौड़ निदेशक नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा अध्यक्ष विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी अभियंता संस्थान भारत परिषद उपस्थित रहीं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में तकनीकी नवाचार, लेखन, मानक निर्माण तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यंत्र अधिगम, साइबर भौतिक तंत्र, वस्तु जाल एवं यंत्रमानव जैसी नई प्रवृत्तियों की चर्चा की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रिहान महानिदेशक, सौर ऊर्जा संस्थान तथा डीएम किरण प्रधान कार्याधिकारी, सेवा सेतु संस्था उपस्थित रहे।

**अभियंत्रण तथा पर्यावरण विषय पर विचार विमर्श हुआ**




संगोष्ठी में ग्रीस, इटली, इंग्लैंड सहित भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से अनेक प्रमुख वक्ताओं ने शोध एवं विचार प्रस्तुत किए। पहले दिन बारह तकनीकी सत्र तथा दूसरे दिन दस सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वस्तु-जाल, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत पदार्थ, स्वास्थ्य क्षेत्र में अभियंत्रण तथा पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन जैसे विषयों पर विमर्श हुआ। समापन सत्र में विशेष अतिथि प्रोफेसर डॉ. संजय अग्रवाल शिक्षक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली ने नवाचार की आवश्यकता एवं स्वयं नामक राष्ट्रीय शिक्षण मंच की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, निदेशक डॉ. सुदर्शन गोस्वामी तथा अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अनुराग द्विवेदी ने सम्मेलन की सफलता को संस्थान की सृजनशीलता, समर्पण और सहभागिता का परिणाम बताया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. प्रमोद सिंह, डॉ. मनीषा वशिष्ठ, सुजीत तथा संस्था के समर्पित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रमुख भूमिका रही।



**खबर संक्षेप**

## आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत



**बक्सर।** बिहार के बक्सर और कटिहार जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। बक्सर की स्थानीय नगर पंचायत में सोमवार को ठनका गिरने से 5 बुरी तरह जख्मी हो गए। चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित किया है। वहीं तीन से ज्यादा

# योगी सरकार अयोध्या में बना रही हाईटेक वीवीआईपी गेस्ट हाउस

राम मंदिर निर्माणके बाद अयोध्या ने अपनी एक अलग पहचान बनाना शुरू कर दी है. इसको देखते हुए यहां बेहतरीन सुविधाओं से भरपूर एक वीवीआईपी गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या अब धार्मिक नगरी से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुकी है। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में देश-विदेश से वीआईपी और वीवीआईपी मेहमानों का लगातार आना-जाना बढ़ गया है। इसी को देखते हुए योगी सरकार अयोध्या में अब एक आधुनिक और शानदार वीवीआईपी गेस्ट हाउस बना रही है, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, विदेशी मेहमान, राजदूत, उद्योगपति और अन्य खास मेहमान ठहर सकेंगे। इस वीवीआईपी गेस्ट हाउस का निर्माण माझा मीरपुर क्षेत्र में किया जा रहा है, जो करीब 14,510 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला होगा। इसे ईपीसी मोड (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) के तहत तैयार किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 9,375.46 लाख रुपए आंकी गई है। लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है इसे नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें इसका निर्माण कार्य मई 2025 में ही शुरू हो चुका है।

### क्या-क्या होगा खास



इस गेस्ट हाउस में 47 शानदार सुइट और 77 आधुनिक स्टैंडर्ड कमरे होंगे. कुल 6 ब्लॉक (ए से एफ) में इसका डिजाइन किया गया है। ए ब्लॉक में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए विशेष कमरे और ऑफिस होंगे. वहीं बी ब्लॉक रेजिडेंशियल होगा, जिसमें योगा हॉल, कैफेटेरिया, डायनिंग हॉल, किचन, मैनेजमेंट ऑफिस, दुकानें, और पार्किंग सहित सभी आवश्यक सुविधाएं होंगी। वहीं सी ब्लॉक को डॉरमैट्री के रूप में बनाया जा रहा है, जबकि डी, ई और एफ ब्लॉक में सर्विस, सिक्योरिटी और लॉन जैसी सुविधाएं होंगी।

### अयोध्या की बढ़ती वैश्विक पहचान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में अयोध्या सिर्फ तीर्थ नहीं, बल्कि एक वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रही है. राम मंदिर का उद्घाटन हो चुका है और रोजाना हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्री, संत-महात्मा, अभिनेता और उद्योगपति भी लगातार यहां आ रहे हैं। इस वीवीआईपी गेस्ट हाउस के निर्माण से न केवल इन मेहमानों को बेहतर ठहराव मिलेगा, बल्कि अयोध्या की अंतरराष्ट्रीय छवि को और मजबूती मिलेगी।

**पेज एक का शेष**

## आतंकवाद के खिलाफ...

दोनों देशों की व्यापक साझेदारी के क्रियान्वयन को लेकर एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति निकोस को भारत यात्रा का निमंत्रण भी दिया। बैठक के बाद पीएम की साइप्रस यात्रा संपन्न हुई और वह कनाडा के लिए रवाना हो गए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बताते चलें कि पहलगाम हमले (26 लोग मारे गए) के जवाब में पिछले महीने 7 मई को की गई भारतीय सशस्त्र सेनाओं की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद की जा रही प्रधानमंत्री की यह पहली विदेश यात्रा है।

**संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता का करेंगे समर्थन :** दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में आपसी संबंधों को रेखांकित करने वाले साझा मूल्यों को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की और सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए अपने समर्थन को दोहराया। यूएन चार्टर के तहत वैश्विक कानूनों के तहत अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमापार आतंकवाद के मामले में समर्थन देने के लिए साइप्रस को धन्यवाद दिया। साथ ही साइप्रस की एकता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों, वैश्विक कानून, यूरोपीय संघ के अधिग्रहण के आधार पर साइप्रस से जुड़े मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति निकोस ने बहुपक्षवाद, यूएनएससी और वैश्विक शासन संस्थाओं में सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम ने विस्तारित यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए साइप्रस द्वारा समर्थन दोहराने के लिए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के प्रति आभार व्यक्त किया।

**रणनीतिक सहयोग के लिए पंचवर्षीय रोडमैप :** प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति निकोस की वार्ता में रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने के लिए एक पांच साल का रोडमैप तैयार करने पर भी सहमति जताई गई। बैठक के बाद दिए अपने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत और साइप्रस अपनी साझेदारी को सामरिक दिशा देने के लिए अगले पांच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनाएंगे। रक्षा-सहयोग को मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग पर जोर दिया जाएगा। साइबर और समुद्री सुरक्षा पर अलग से संवाद शुरू किया जाएगा। हम आतंकवाद, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के मुद्दों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए हमारी एजेंसियों के बीच रियल टाइम सूचना आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र स्थापित करने पर भी राजी हैं। साइप्रस के विजन-2035 और भारत के 2047 के कई पहलुओं में काफी समानता है। इसलिए हम साथ मिलकर भविष्य को आकार देंगे।

**समय की कसौटी पर परखे गए संबंध:** पीएम ने अपने वक्तव्य में साइप्रस के साथ संबंधों को खासा महत्व देते हुए कहा कि इनका आधार लोकतंत्र, कानून का शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास है। भारत-साइप्रस की मित्रता न परिस्थितियों की देन है, न ही सीमाओं से बंधी है। बल्कि यह समय की कसौटी पर लगातार परखी गई है। समय के प्रत्येक दौर में हमने सहयोग, सम्मान और समर्थन की भावनाओं को जीवंत रखा है। 2026 में साइप्रस की यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्षता के लिए भारत की शुभकामनाएं। ईयू में साइप्रस भारत का अहम भागीदारी है। साइप्रस की ईयू की अध्यक्षता से दोनों देशों के संबंधों में नए आयाम जुड़ेंगे। भारत-ईयू एक पारस्परिक लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को मौजूदा साल के अंत तक संपन्न करने के लिए काम कर रहे हैं।

**आर्थिक साझेदारी को मिलेगा बढ़ावा: :** वहीं, दोनों नेताओं ने इस साल के शुरुआती महीने में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम की सराहना की। जो रक्षा साझेदारी को ठोस आकार देगा। आर्थिक साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने के लिए भारत-ग्रीस-साइप्रस व्यापार व निवेश परिषद की स्थापना का भी बैठक में स्वागत किया गया। व्यापार, पर्यटन, ज्ञान और नवाचार संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए हवाई संपर्क बढ़ाने (सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत) पर चर्चा की। पारगमन समझौता जल्द किया जाएगा। भारत मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे क्षेत्र में शांति-समृद्धि में योगदान देगा। व्यापार, निवेश, विज्ञान-अनुसंधान, स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु न्याय, नवीकरणीय ऊर्जा, सांस्कृतिक सहयोग व दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क सहित फिनटेक, स्टार्टअप, रक्षा उद्योग, कनेक्टिविटी, नवाचार, डिजिटलीकरण, एआई और गतिशीलता के नए क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की खोज की। निकोसिया विश्वविद्यालय में भारत अध्ययन आईसीसीआर चेयर स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**संयुक्त घोषणापत्र के मुख्य बिंदु :** घोषणापत्र मुख्य रूप से दस बिंदुओं पर आधारित है। जिसमें सबसे पहले पीएम मोदी की साइप्रस यात्रा को ऐतिहासिक व दोनों देशों की साझेदारी को स्थायी बताया गया है। उसके बाद इसमें दोनों देशों के साझा मूल्यों, प्रतिबद्धताओं का उल्लेख है। इसके अलावा घोषणापत्र में राजनीतिक सहयोग को दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। संप्रभुता-शांति के लिए समर्थन, रक्षा-सुरक्षा, संकट के समय सहयोग, कनेक्टिविटी-क्षेत्रीय सहयोग, ईयू-रणनीतिक भागीदारी, व्यापार, नवाचार, प्रौद्योगिकी और आर्थिक अवसर, आवागमन, पर्यटन और लोगों के बीच संबंध और 2025 से 2029 की कार्ययोजना शामिल है।

## प्रधानमंत्री को मिला साइप्रस का ...

राजधानी निकोसिया पहुंचे थे। जहां हवाईअड्डे पर उनका परंपरागत रूप से भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति निकोस ने खुद पीएम मोदी की अगवानी की। यहां बता दें कि बीते करीब 23 वर्ष बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह यात्रा हुई।

**साझेदारी की नई प्रतिबद्धता का प्रतीक :** पीएम मोदी ने ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय सम्मान को दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने और उसमें अधिक विविधता लाने की नई प्रतिबद्धता के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह सम्मान भारत और साइप्रस की शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और समृद्धि के लिए दोनों देशों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैं, हमारे संबंधों के प्रति एक जिम्मेदारी के रूप में इसका महत्व समझता हूं और उसी भाव से इस सम्मान को ग्रहण कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति निकोस को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हमारी सक्रिय साझेदारी भविष्य में और भी नई ऊंचाइयों को छुएगी। हम एक साथ मिलकर न केवल अपने देशों के विकास को मजबूत करेंगे। बल्कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण के निर्माण के लिए भी योगदान देंगे।

**कुल 23 देशों ने किया पीएम को सम्मानित :** गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2014 से 2025 तक दुनिया के कुल 23 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। जिनमें साइप्रस, श्रीलंका, कुवैत, मॉरीशस, डोमिनिका, बारबाडोस, नाइजीरिया, गयाना, मालदीव, भूटान, अफगानिस्तान, सऊदी अरब, अमेरिका, रूस, यूएई, बहरीन, फिजी, मिस्र, फ्रांस, यूनान, संयुक्त राष्ट्र, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी जैसे देश शामिल हैं।

## कांग्रेस सामाजिक न्याय...

की सत्ता गई तब मंडल कमीशन को बनाया। उन्होंने कहा कि जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल कमीशन लागू हुआ। मंडल आयोग वैधानिकता को सर्वोच्च न्यायालय ने जब स्वीकार किया, तो ओबीसी कमीशन को दंतविहीन बनाने का काम कांग्रेस ने किया। 2014 में जब देश से कांग्रेस की सत्ता गई और नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब ओबीसी आयोग को सांविधानिक दर्जा मिला। जातिगत जनगणना में तेलंगाना मॉडल अपनाने की कांग्रेस की मांग पर भूपेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में इस मॉडल को क्यों नहीं अपनाया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आंतरिक विरोधाभास उजागर हो गए हैं और यह पार्टी सामाजिक न्याय को लेकर वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं रखती, बल्कि चुनावी लाभ के लिए ऐसे राजनीतिक हथकंडे अपनाती है। उन्होंने राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से भी माफी की मांग की। उन्होंने लालू यादव के जन्मदिन पर दलित आइकन भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को उनके पैरों के पास रखने का आरोप लगाया। यादव ने आरोप लगाया कि लालू के शासनकाल में अति पिछड़ा वर्ग और दलितों के साथ सबसे अधिक अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का रिसर्वे एक पॉलिटिकल कवर है। जो कांग्रेस, समाज के कुछ लोगों को भरमाने के लिए और कुछ को तुष्टिकरण की राजनीति में लाने के लिए कर रही है।

## पंजाब भाजपा अध्यक्ष...

लाभार्थियों का पता लगाया जा सके, जो कि पंजाब को परेशान करने वाला प्राथमिक स्रोत है। पंजाब भाजपा अध्यक्ष जाखड़ ने मान को लिखे पत्र में कहा कि यदि सरकार अपनी विश्वसनीयता स्थापित करना चाहती है और ड्रग्स के खिलाफ अपनी लड़ाई को हल करना चाहती है तो यह महत्वपूर्ण है। पत्र में लिखा गया है, कि ड्रग मनी ट्रेल में 'पैसे का पता लगाना' बहुत जरूरी है, जिसके बिना पंजाब से ड्रग्स को जड़ से खत्म करने की कवायद न केवल निरर्थक है, बल्कि एक दिखावा भी है। इसमें कहा गया है, हजारों नशेड़ियों और छोटे कारोबारियों को गिरफ्तार करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। 'कमरे में बंद हाथी' पर अंकुश लगना होगा। बड़ी मछलियों को पकड़ने और अंतिम लाभार्थियों को गिरफ्तार करने के लिए धन का प्रवाह स्थापित करना होगा, चाहे वे पार्टी लाइन से परे राजनेता हों या अधिकारी। पंजाब में ड्रग कार्टेल किसी न किसी तरह के संरक्षण के बिना पनप नहीं सकते। पत्र में आगे कहा गया है कि पंजाब में बरामद नशीले पदार्थों का मूल्य कई हजार करोड़ रुपये तक है, जो मौजूद सड़ांध को दिखाता है।

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन'...

वाला व्यय भी अत्यधिक होता है। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' समय की मांग और जनता की भावना मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' न केवल संसाधनों की बचत करेगा बल्कि जनता की भी भावना है कि चुनाव एक साथ हों ताकि समय और धन की बर्बादी रुके। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आमजन की भागीदारी भी और अधिक बढ़ेगी। इसलिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के विषय पर सभी को एक मत से समर्थन करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि चुनावों की तिथियों का निर्धारण करते समय कृषि कार्यों, त्योहारी सीजन, विवाह सीजन, अवकाश आदि जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि मतदान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। सैनी ने कहा कि बार-बार चुनाव से मतदाताओं का रुझान भी कम हो जाता है, जिससे मतदान प्रतिशतता प्रभावित होती है। यदि चुनाव पांच वर्षों में एक बार होंगे, तो मतदाताओं में नया उत्साह देखने को मिलेगा। इससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा और जनभागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संभव होगा, जिससे मतदाता जागरूकता अभियानों में एकरूपता, प्रशासनिक तैयारी में समन्वय और संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिल | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 19.06.25 से 03.07.25 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 21.06.25 से 05.07.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# तुर्किये को संदेश देने के साथ ट्रेड व रणनीतिक महत्व भी

विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में शरीक होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप के द्विपीय देश साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा ऐसे समय में की है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने खुले तौर पर पाकिस्तान के साथ दिया। तुर्किये में जब भीषण भूकंप आया था तो भारत ने भरपूर मदद की थी, तुर्किये के साथ भारत के संबंध प्राचीनकाल से है, इसके बावजूद भारत के एहसान को भुला कर तुर्किये ने भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को ड्रोन की मदद की, यह जानते हुए कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया था। तुर्किये और साइप्रस पड़ोसी देश हैं और दोनों के बीच अदावत है, तुर्किये ने साइप्रस के एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। वर्ष 1974 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। पीएम मोदी ने जी-7 की बैठक में जाने से पहले साइप्रस की यात्रा कर तुर्किये को दो टूक संदेश दिया है कि अगर वह भारत के खिलाफ रहेगा, तो भारत भी उसके दुखती रग पर हाथ रखेगा। भारत अपने पर्यटकों को साइप्रस जाने के लिए प्रेरित करेगा। साइप्रस भारतीय पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। करीब 11.5 हजार भारतीय वहां विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत हैं। साइप्रस के आईटी क्षेत्र को भारतीय प्रतिभा मजबूती दे रही है। साइप्रस के साथ संबंध को मजबूत करके भारत अपनी पकड़ इस भूमध्यसागरीय क्षेत्र में मजबूत करेगा। साइप्रस ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-III दिया है, इससे साफ है कि वह खुद भारत के साथ अपने रिश्ते को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए कितना उत्सुक है। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने पीएम मोदी को यात्रा के लिए निमंत्रण दिया था। पीएम मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था। पीएम की साइप्रस यात्रा का महत्व केवल तुर्किये को संदेश देने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे व्यापक है। इसमें ट्रेड, रणनीतिक साझेदारी, सामुद्रिक सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग व आतंकवाद के खिलाफ अभियान भी है। साइप्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू हुई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) में भी साइप्रस अहम भागीदार है। साइप्रस यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य देश है। भारत ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अगले वर्ष 1 जनवरी से साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश होगा, ऐसे में भारत को एफटीए में मदद मिलेगी। भारतीय कंपनियों व निवेशकों, आईटी क्षेत्र व डिजटेक के लिए साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार है। भारत व साइप्रस रक्षा, साइबर, समुद्री सुरक्षा, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को रोकने को दोनों देशों की एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र विकसित किया जाएगा। साइप्रस और ग्रीस ने आतंकवाद, कश्मीर, भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता, 1998 के परमाणु परीक्षण सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत का समर्थन किया है।



# साइप्रस यात्रा से तुर्किये को कड़ा संदेश


**विश्लेषण**
उमेश चतुर्वेदी

> मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है। प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। यह सीधे तौर पर कूटनीतिक जवाब है

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है।

देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों?

इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्किये में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्किये के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने 'एक्स' पर 'पाकिस्तान-तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्किये का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में वहां 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी। भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्किये पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्किये के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से



दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्किये की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्किये ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्किये को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर पर तुर्किये हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस व तुर्किये के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्किये मूल के लोग रहते हैं। दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्किये ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्किये ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्किये की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया था। यहां तुर्किये की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्किये के अवैध कब्जे वाले इलाके को उसने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्किये के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्किये के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्किये की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत-साइप्रस संबंध और मजबूत होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## एयर इंडिया हादसा
विवेक शुक्ला




# एक स्मारक विमान हादसों के शिकार मुसाफिरों की याद में

राजधानी के इंडिया गेट के करीब पृथ्वीराज रोड पर आपको एक ईसाई कब्रिस्तान दिखाई देता है। नाम है रायल सिमिट्री। इसके अंदर कभी जाइये और घूमिए। इधर पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन और मशहूर मॉडल जेसिका लाल की कब्रों से चंद कदमों की दूरी पर बनी एक कब्र को देखकर आप ठिठकते हैं। ये एक सांकेतिक कब्र उन अभागे मुसाफिरों की है,जो जापान एयर लाइंस के विमान के 14 जून,1972 को हुए हादसे में मारे गए थे। ये विमान बैंकाक से दिल्ली आ रहा था। ये उसी जगह पर गिरा था,जिधर अब आबाद है साउथ दिल्ली का वसंत कुंज। इस हादसे में 82 मुसाफिर मारे गए थे। इसमें पायलट और उनके बाकी सहयोगी भी थे। हादसे के ज्यादातर शिकार यात्री अमेरिका और ब्राजील के नागरिक थे। जापान एयरलाइंस के विमान में ब्राजील की मशहूर फिल्मी हस्ती लैला डिंज और भारत के नामवर कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के.पी. नरसिंह राव भी सवार थे। इसके अलावा, विमान के गिरने के कारण भी चार लोगों की जान चली गई थी। अभी हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 270 से अधिक मुसाफिरों के अलावा कई वे लोग भी मारे गए हैं, जिन पर विमान के टुकड़े गिरे थे। बहरहाल, रायल सिमिट्री की उस कब्र को देखकर समझ आ जाता है कि अब इधर फूल चढ़ाने के लिए कभी- कभार ही कोई आता होगा। इस पर लिखे शब्द मिट रहे हैं। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या विमान हादसों में मारे गए लोगों की याद में स्मारक बने? बेशक, बने तो अच्छा होगा । बेशक विमान हादसों में अपनी जान गंवाने वालों की स्मृति में स्मारक बनाना एक संवेदनशील मुद्दा है। स्मारक एक तो उन लोगों को श्रद्धांजलि होगी जो अकारण मारे गए। यह पीड़ितों के परिवारों और मृतकों के दोस्तों को शोक व्यक्त करने और उनकी स्मृति को जीवित रखने का एक स्थान होगा। दूसरा, इन स्मारकों का एक बड़ा संदेश विमानन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना भी होगा कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए बेहतर उपायों की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया जाए। अब से लगभग चालीस साल पहले 23 जून 1985 को हुए एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क विमान) हादसे का यहां जिक्र करना जरूरी है। यह विमान कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर से लंदन होते हुए दिल्ली और मुंबई जा रहा था, जब आयरिश हवाई क्षेत्र में 31 हजार फीट की ऊंचाई पर एक बम विस्फोट के कारण यह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कनिष्क विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए, जिनमें भारतीय मूल के 268 कनाडाई नागरिक, 27 ब्रिटिश और 22 भारतीय शामिल थे। इसे आधुनिक कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ा आतंकवादी हमला और उस समय तक का सबसे घातक विमानन आतंकवादी घटना माना जाता है। इस भयंकर हादसे के पीड़ितों की याद में दो स्मारक बनाए गए। आयरलैंड में हादसे की पहली बरसी पर 1986 में, एक स्मारक का अनावरण किया गया। यह स्मारक उस स्थान के पास है जहां विमान समुद्र में गिरा था। यह पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने और इस दुखद घटना को याद रखने का प्रतीक है। उधर, कनाडा में भी इस हादसे के पीड़ितों की याद में स्मारक बना। 2015 में, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा गए थे, उन्होंने टोरंटो में इस हादसे के स्मारक का दौरा किया था। इन दोनों स्मारकों में पीड़ितों के परिवार आते-जाते हैं। कनिष्क विमान हादसा खालिस्तानी आतंकवाद से जुड़ा था, और स्मारक इस तरह की आतंकी घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। इस तरह के स्मारक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे न केवल पीड़ितों को सम्मान देते हैं, बल्कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए विमानन सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की तरफ इशारा करते हैं। हालांकि, इन्हें बनाते समय पीड़ितों के परिवारों की भावनाओं और सहमति का ध्यान रखना जरूरी है। आयरलैंड और कनाडा में बने स्मारक इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। अगर भारत में भी विमान हादसे में शिकार हुए यात्रियों की याद में स्मारक बनाया जाए तो इसमें कोई बुराई तो नहीं होगी। अब रायल सिमिट्री की सांकेतिक कब्र को देखकर दिल दुखी हो जाता है। एक बात और। इस सांकेतिक कब्र पर हर साल क्रिसमस पर दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज फूल अवश्य चढ़ाते हैं। उन्हें उम्मीद थी कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डिसिल्वा जब 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन भाग लेने राजधानी आएंगे, तब वे रायल सिमिट्री में भी आएंगे उस कब्र पर जो उनके और अमेरिका के नागरिकों की याद में बनी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाए



संकलित
**दर्शन**

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*– मनोज पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड

### साइप्रस सरकार का आभार



'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकारियोस III' से सम्मानित करने के लिए मैं साइप्रस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरा नहीं है, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। मैं यह पुरस्कार भारत और साइप्रस की चिरस्थायी मित्रता को समर्पित करता हूं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेंगी



गाजा में संचालित सबसे बड़े स्वास्थ्य कर्मियों में से एक है जो वर्तमान में 15,000 दैनिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करता है। स्वास्थ्य टीमें जबरन विस्थापन और महत्वपूर्ण संसाधनों की कमी से घिरे समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखती हैं।
**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### मोदी का गहरा वैश्विक प्रभाव



भारत के किसी भी प्रधानमंत्री का वैश्विक स्तर पर इतना गहरा प्रभाव नहीं रहा। यह कहानी सिर्फ़ एक नेता की नहीं है; यह विश्व मंच पर भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक स्पष्टता को दर्शाती है। यह 140 करोड़ भारतीयों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वास से संभव हुआ है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### सही चीज चुनना जरूरी



खुशी आपके खुद से बात करने के तरीके, आपके कार्यों के आपके मूल्यों के अनुरूप होने से बनती है। सच्ची खुशी अधिक पाने में नहीं है- बल्कि कम की जरूरत, आभारी होना और अपने लिए सही चीज चुनना है।
**-हर्ष गोयनका उद्योगपति**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# चीन ने कहा, हमारा परमाणु भंडार न्यूनतम स्तर पर



चीन ने अपने तेज़ी से बढ़ते परमाणु हथियार भंडार को लेकर सफाई दी है कि यह अब भी उसकी न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप ही है। चीन ने हालांकि अमेरिका और रूस की बराबरी करने के लिए परमाणु होड़ में शामिल होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह परमाणु हथियारों की किसी दौड़ में शामिल नहीं है, बल्कि उसकी नीति न्यूनतम प्रतिरोध की है। जानकारी के मुताबिक, चीन हर साल 100 से अधिक नए परमाणु हथियार तैयार कर रहा है और अब उसके पास कुल मिलाकर करीब 600 परमाणु हथियार हो चुके हैं। एक स्वीडिश विचारक संस्था द्वारा सोमवार को जारी 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार, बीजिंग ने 2023 से प्रत्येक वर्ष अपने परमाणु भंडार में 100 अतिरिक्त हथियार जोड़े हैं। उसके मुताबिक, वर्तमान में इसके पास कम से कम 600 हथियार हैं, और ऐसी आशंका है कि यह संख्या "आने वाले दशक में बढ़ती रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, "चीन के पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता परमाणु शस्त्रागार है" जहां अधिकांश चीनी परमाणु आयुध को उनके लॉन्चर्स से अलग रखा गया है, वहीं माना जा रहा है कि चीन अब सीमित संख्या में मिसाइलों पर परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर रहा है।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

# सुरक्षित हवाई सेवाओं को निर्धारित करनेवाली तीनों एजेंसियों में 53 फीसदी तक पद खाली

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उठाये सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के ऐसे विभागों में लंबे समय से खाली पड़े पदों का मामला उठाया है जिनका मूल काम है सुरक्षित हवाई यात्रा के लिए तमाम उपाय करना, तय समय सीमा में उसे लागू कराना। खाली पड़े पदों पर संसदीय समितियों ने भी वक्त वक्त पर मंत्रालय से जवाब तलब कर उनका ध्यान आकृष्ट किया है लेकिन फिर भी बहुत कुछ हुआ नहीं। अहमदाबाद एयर इंडिया हादसे के बाद फिर से सवाल उठने लगे हैं कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण



(एएआई) में कर्मचारियों की कमी पर आखिर कुछ करती हुई केंद्र सरकार क्यों नहीं दिख रही? इस ओर आखिर मंत्रालय की चिंता क्यों नहीं है? व्यक्त की गई है। यह मुद्दा हाल ही में अहमदाबाद में हुई एक भयावह हवाई दुर्घटना के बाद और भी गंभीर हो गया है।

जयराम रमेश ने केंद्र सरकार से पूछा है कि डीजीसीए, बीसीएएस और एएआई में कर्मचारियों की भारी कमी आखिर क्यों रखी गई है जिससे विमानन सुरक्षा और नियामक निगरानी प्रभावित हो रही है। इस संदर्भ में गत 25 मार्च को ही संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट संसदीय पटल पर रखी है। आंकडे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि डीजीसीए में 53 फीसदी पद खाली हैं। संवेदनशील काम के लिए खाली पदों की इतनी बडी संख्या हैरान करने वाली है। विदित हो कि विमानन नियमों, सुरक्षा मानकों, और रखरखाव की समूची निगरानी के लिए डीजीसीए जिम्मेदार है। इतने बड़े पैमाने पर रिक्तियां नियामक निरीक्षण और सुरक्षा प्रवर्तन को जाहिर तौर पर कमजोर कर सकती हैं। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो में 35 फीसदी पद खाली हैं। ब्यूरो हवाई अड्डों और उड़ानों की सुरक्षा के लिए मानक निर्धारित करने और उनकी निगरानी करने का कार्य करता है। कर्मचारियों की कमी से सुरक्षा उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन प्रभावित हो सकता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 17 फीसदी पद रिक्त हैं। एएआई हवाई अड्डों के संचालन और बुनियादी ढांचे के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। रिक्तियां हवाई अड्डों के सुचारू संचालन और सुरक्षा प्रोटोकॉल को लागू करने में बाधा डाल सकती हैं। संसदीय समिति ने इन रिक्तियों को जल्द से जल्द भरने और दीर्घकालिक कार्यबल नियोजन रणनीति अपनाने की सिफारिश की थी, ताकि सुरक्षा और सेवा मानकों से समझौता न हो। हालांकि, इन सिफारिशों पर कार्रवाई में देरी ने विमानन क्षेत्र की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। जयराम रमेश ने भी ऐसे सवालों पर केंद्र को तुरंत एक्शन लेने की वकालत की है।

### डीजीसीए पर गंभीर सवाल उठाए

उल्लेखनीय है कि गत 12 जून को, अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद मेघानी नगर के रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 242 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों में से 241 लोगों की मौत हो गई, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी शामिल थे। केवल एक यात्री, ब्रिटिश नागरिक विश्वाशकुमार रमेश, जीवित बचे। इसके अतिरिक्त, विमान के मलबे से बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल और क्वार्टर में मौजूद कम से कम 33 लोगों की भी जान चली गई। इस दुर्घटना ने भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और नियामक ढांचे पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

## खबर संक्षेप

### सांसद अशोक यादव का लापता बेटा बरामद

**पटना।** मधुबनी से भाजपा सांसद अशोक यादव के लापता बेटे को



पुलिस ने बरामद कर लिया है। दरभंगा सदर के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि टीम विभूति की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। घर से लेकर सभी जगहों पर स्थित सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई।

### वाड्रा को आज ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को फिर से समन जारी किया है और 17 जून को पूछताछ



के लिए बुलाया है। मनी लॉन्ड्रिंग के केस में एजेंसी प्रियंका गांधी वाड्रा के पति से पूछताछ करना चाहती है। यह मामला ब्रिटेन में बसे हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है और उससे रॉबर्ट वाड्रा के लिंक बताए जाते हैं।

### ट्रेन में आग, फंसे युवक को सुरक्षित निकाला

**पुणे।** पुणे से दौड जा रही शटल ट्रेन में अचानक आग लग गई।



अचानक धुआं देखकर ट्रेन में अफरातफरी मच गई। आग ट्रेन के टॉयलेट में लगी थी। इस वजह से एक व्यक्ति शौचालय में ही फंस गया दरवाजा अंदर से लॉक हो गया था।

## इस बार मोबाइल एप के जरिए होगी जनगणना

# 35 लाख कर्मचारी 1 अक्टूबर 26 से शुरू करेंगे जनगणना और जातिगत गणना

जनगणना और जातिगत गणना का नोटिफिकेशन जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जनगणना और जातिगत गणना होने जा रही है। रविवार को लंबी चली बैठक के बाद गृह मंत्रालय ने सोमवार सुबह जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना और जातीय गणना के लिए राजपत्र अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी कर दिया। जनगणना मोबाइल ऐप के जरिए होगी। जनगणना और जातिगत गणना की प्रक्रिया चलेगी और इसमें मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा। जनगणना की पूरी प्रक्रिया 1 मार्च 2027 तक खत्म हो जाएगी, जो लगभग 21 महीनों में पूरी होगी। जनगणना का प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में जारी हो सकता है, जबकि डिटेल जारी होने में दिसंबर 2027 तक का समय लगेगा। इसके बाद साल 2028 से लोकसभा और विधानसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा। वैसे तो यह जनगणना साल 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते उसे टाल दिया गया था। यह 16वीं जनगणना है, जबकि आज़ादी के बाद 8वीं जनगणना है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे थे। गृह मंत्रालय की ओर से जनगणना के बारे में बताया गया है कि जनगणना मोबाइल ऐप से की जाएगी।

*जनगणना 2 चरणों में होगी और मार्च 2027 में इसका डेटा जारी होगा*
*कहा जाए तो एक से डेढ़ साल का समय जनगणना करने में लगेगा*

**प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में जारी हो सकता है**
**डिटेल दिसंबर 2027 तक आएगी**

**2021** में होनी थी जनगणना कोरोना के चलते टाला

आज़ादी के बाद 8वीं और यह 16वीं जनगणना है




### दो चरणों में होगी जाति और जनगणना

डिजिटली सेंसस करने के लिए करीब 35 लाख कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। 1.3 लाख पदाधिकारी जनगणना में सहयोग करेंगे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में 1 अक्टूबर 2026 तक जनगणना चलेगी। बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से गणना होगी। देश में दो चरणों में जनगणना कराई जाएगी। इसमें सामान्य जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी शामिल होगी। पहला चरण 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा, जबकि दूसरा चरण 1 मार्च 2027 से देश के बाकी राज्यों में प्रारंभ किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण, प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) में घर के हर व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक विवरण एकत्र किए जाएंगे।

### इस तरह पूछे जाएंगे सवाल

जनगणना का कार्यक्रम जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों की गिनती नहीं है। वृहद तौर पर देखा जाए तो यह भारत में कई पहलुओं को जानने का भी अवसर बनता है। मसलन देश में कितनी आबादी है, इसमें पुरुषों-महिलाओं की जनसंख्या कितनी है? साक्षरता दर कितनी है? किस धर्म के कितने लोग भारत में बसते हैं? भारत में प्रजनन दर कितनी है? अलग-अलग वर्गों की आर्थिक स्थिति कैसी है, आदि। यानी जनगणना लोगों की गिनती ही नहीं, बल्कि समाज के मूलभूत ढांचे को समझने का भी जरिया है।

### आप खुद को कर सकेंगे रजिस्टर

जनगणना के लिए मोबाइल ऐप तैयार किए जाएंगे और उसी में जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी एकत्र की जाएगी। ऐप 16 भाषाओं में उपलब्ध होंगे। कमाल की बात है कि इसमें नागरिकों के लिए स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध होगी। स्व-गणना में आप स्वयं अपने या अपने परिवार के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। इसमें किसी जनगणनाकर्ता का सीधे हस्तक्षेप नहीं होता है।

### जनगणना की शुरुआत 1881 में हुई थी

देश में जनगणना की शुरुआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद हर दस साल पर जनगणना होती रही। 1931 तक की जनगणना में हर बार जातिवार आंकड़े भी जारी किए गए। 1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आजादी के बाद से हर बार की जनगणना में सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ही जाति आधारित आंकड़े जारी किए। अन्य जातियों के जातिवार आंकड़े 1931 के बाद कभी प्रकाशित नहीं किए गए।

शिवराज सिंह ने जन्म-शताब्दी समारोह में की सहभागिता

## बिहार में पीएम आवास योजना के तहत हर पात्र गरीब को मिलेगा घरः चौहान



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पटना (बिहार) में कहा कि सरकार पायदान में खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बिहार में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो भी पात्र लोग होंगे उन्हें घर अवश्य मिलेगा। साथ ही महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए लखपति दीदीयों की संख्या बढ़ाने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

शिवराज ने अमर शहीद बुद्धू नोनिया जन्म-शताब्दी समारोह में सहभागिता की। समारोह में केंद्रीय मंत्री रेणु देवी, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, दारासिंह चौहान, संजय जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में नोनिया जी के अनुयायी, समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर शिवराज सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस समाज के प्रतिनिधि हैं, जिसमें अमर शहीद बुद्धू नोनिया जी ने जन्म लिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार की सरकार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गरीबों, पिछड़ों और वंचितों के लिए जो काम किए है, वो कभी किसी नहीं किए। हमारी बहनों को भी अगर सम्मान मिला है तो एनडीए की सरकार में मिला है। उन्होंने कहा कि आज अपना सम्मेलन हो रहा है और बुद्धू नोनिया जी की जन्म शताब्दी के दिन हमारे गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा कर दी है जातिगत जनगणना की तारीखों की, अब जातिगत जनगणना होगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि आपका रिप्रेजेंटेशन जो मिला है, उसे भी दिल्ली में सरकार के सामने रखेंगे। रेणु दीदी ने कहा है कि यदि 95 फीसद अत्यंत गरीब हैं ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नूतन** पुत्र श्री अत्तर सिंह, निवासी-मकान नं 193, जे.पी कैंप, सेक्टर-20, रोहिणी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 169/2023 धारा 135 विद्युत अधिनियम, थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नूतन** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नूतन** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नूतन, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 169/2023 धारा 135 विद्युत अधिनियम, थाना अमन विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री प्रशांत कुमार**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत)
उत्तर पश्चिम जिला
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/7684/RD/2025

## ममता का भाजपा पर आरोप

# बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी बताया जा रहा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया।



ममता बेनर्जी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है। आलम यह है कि जिन बंगालियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। ममता ने कहा कि भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बंगाली के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं। और दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं।

# वैश्विक आर्थिक अनिश्चतताओं के बीच महंगाई दर घटी, खाद्य पदार्थों में मिलेगी राहत

केंद्र की नीतियां रंग ला रहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत की थोक महंगाई दर घटकर 0.39 फीसदी पर आ गई। जो मार्च 2024 के बाद सबसे निचला स्तर है। इस साल के अप्रैल के 0.85 फीसदी की तुलना में उल्लेखनीय कमी को दर्शाता है। इस गिरावट का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, विशेष रूप से सब्जियों, प्याज और दालों की कीमतों में कमी, साथ ही ईंधन और बिजली क्षेत्र में अपेक्षाकृत स्थिति मांग और आपूर्ति के फार्मूले परै ।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों इस बात की गवाही दे रहे हैं कि लोगों की थाली पहले से सस्ती होगी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में राहत के आसार हैं। थोक खाद्य महंगाई दर मई में घटकर 1.72 फीसदी हो गई, जो अप्रैल में 2.55 फीसदी थी। सब्जियों की कीमतों में विशेष रूप से कमी आई, जिससे थोक महंगाई दर को नियंत्रित करने में मदद मिली। सब्जियों की जान माने जाने वाले आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में कमी दर्ज की गई। बीच में जरूर टमाटर ने कुछ रंग दिखाए थे। मगर, मूल्य फिर भी स्थिर रखने में केंद्र सरकार कामयाब रही है। महंगाई की वजह से थाली से गायब हो रही दालों की महंगाई दर भी 10.41 फीसदी से घटकर 5.57 फीसदी हो गई, और अनाज की कीमतें 3.81 फीसदी से घटकर 2.56 फीसदी हो गईं। ईंधन और बिजली क्षेत्र में महंगाई दर कमी आई है।

खुदरा महंगाई में भी कमी दर्ज की गई है। समानांतर रूप से, मई में खुदरा महंगाई दर भी छह साल के निचले स्तर 2.82 फीसदी पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 3.16 फीसदी थी। यह मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में नरमी के कारण हुआ। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अप्रैल की बैठक में महंगाई में कमी को नोट किया और वित्तीय वर्ष 2026 के लिए महंगाई अनुमान को 4.2 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया। समिति ने कहा कि खाद्य कीमतों में नरमी से महंगाई में और कमी की उम्मीद है। बैंक ने बेंचमार्क रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है, क्योंकि यह अर्थव्यवस्था की वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि खाद्य और ईंधन की कीमतों में कमी से राहत मिली है, फिर भी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गर्मी के महीनों में तापमान बढ़ने से सब्जियों और फलों की कीमतें फिर से बढ़ सकती हैं, जिससे महंगाई पर दबाव पड़ सकता है।

इसके अलावा, कमजोर रुपये, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं, और विदेशी निवेश में कमी जैसे कारक भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए लगातार जोखिम बने हुए हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेंद्र कुमार उर्फ विक्की, पुत्र स्वर्गीय जगदीश निवासी 1/15, ग्राउंड फ्लोर, गली नंबर 1, जगजीवन नगर, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली** ने **FIR No. 35/2020, U/S 135/138 I.E. Act, अन्तर्गत थाना एम. एस. पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र कुमार उर्फ विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र कुमार उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 35/2020, U/S 135/138 I.E. Act, अन्तर्गत थाना एम. एस. पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र कुमार उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री आशीष रस्तोगी**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05
पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 21, प्रथम तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7471/SHD/2025(Court Matter)

# आपदा प्रबंधन में भारत वैश्विक नेता बनने के है नजदीक

दिल्ली में आपदा राहत बलों के आयुक्तों, केंद्र और राज्यों के सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा प्रबंधन संस्थाओं के काम और जज्बे को लेकर बात की। उन्होंने खुशी जताई कि बीते 10 साल में आपदा प्रबंधन में भारत के राहत बलों ने बेहतरीन काम किया है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा राहत बलों के जज्बे और कामों की सराहना की। दिल्ली में आपदा राहत बलों के आयुक्तों के सम्मेलन में अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण



(एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) के कामों की बदौलत भारत आपदा प्रबंधन में वैश्विक नेता बनने के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा है। एनडीएमए ने नीतिगत मामलों को तय करने, शोध, स्टडीज को लोगों तक पहुंचाने, एप बनाने और समग्र समन्वय का बढ़िया काम किया है। एनडीआरएफ ने त्वरित आपदा राहत कार्यों को अंजाम देकर अपनी अच्छी छवि बनाई और सम्मान भी कमाया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की संरचना में एसडीआरएफ ने भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। सीडीआरआई के माध्यम से हमने वैश्विक स्तर पर बहुत प्रसिद्धि और स्वीकृति भी प्राप्त की है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों को भारत के संक्रमण काल के रूप में याद किया जाएगा जहां क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की गईं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जबभारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, तो इतिहास को इन 10 वर्षों को याद करना होगा।

### जिला आपदा प्रबंधन योजना बनेगी

अमित शाह ने कहा कि हमने भागीदारी बढ़ाई है। केंद्र, राज्य और स्थानीय सरकारें सामूहिक रूप से आपदा के खिलाफ खड़ी हैं। इससे साफ है कि जब स्थानीय निकाय, जनता, राज्य सरकार, केंद्र सरकार, सभी विभाग, वैज्ञानिक और सुरक्षाकर्मी, सभी मिलकर काम करते हैं, तो हम बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। हमने बहुआयामी दृष्टिकोण को भी नीति के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हम 90 दिनों के भीतर अपने-अपने राज्यों में प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजनाएं बनाने का काम पूरा कर लेंगे। जब तक जिला आपदा प्रबंधन योजना नहीं होगी, तब तक आपदा प्रबंधन से तेजी से लड़ना संभव नहीं है। सभी मिलकर बिजली और वज्रपात के खिलाफ एक राज्य-स्तरीय कार्य योजना बनाएं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसे 90 दिनों के भीतर केंद्र के साथ साझा करना चाहिए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | पीडी नरवाना के तहत उचाना निर्वाचन क्षेत्र ग्रुप नं. 03 के एक अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) जीन्द जिले में बधाना से थुआ वाया दाहोला रोड तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11980) + 1 कार्य। | 13.06.2025 23.06.2025 | 810.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव भाग खेड़ा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 19.06.2025 | 25.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज कैथल | नैना-मुंदरी रोड पर गांव सेगा, सिसमोर, नैना में बस शैल्टर का निर्माण। | 13.06.2025 19.06.2025 | 6.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | गांव खेड़ी राई वाली, ब्लॉक ढाण्ड में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 2 कार्य। | 13.06.2025 24.06.2025 | 67.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव बडेसरा में रावाली माता तालाब (01HRBHWBHW0053BADE106) का सौन्दर्यीकरण + 1 कार्य। | 13.06.2025 18.06.2025 | 38.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खुशबू में समक्ष्या तालाब के निकट चारदिवारी का निर्माण, डी-प्लान 2025-26 + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.06.2025 | 30.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव सिकरी ब्लॉक बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद में खराब पानी की ड्रेनेज हेतु एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना, एसबीएम-जी + 3 कार्य। | 13.06.2025 20.06.2025 | 178.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | माधोगढ़ ब्रांच के कि.मी. 3.660 पर ब्रिज का निर्माण + 2 कार्य। | 13.06.2025 24.06.2025 | 55.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/160/35678/I/88/7 दि. 16.06.25

# एयर इंडिया के कर्मचारियों को आगे बढ़ते रहने की जरूरत : चंद्रशेखरन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एयर इंडिया के कर्मचारियों से सोमवार को कहा कि उन्हें आगे बढ़ते रहना चाहिए और जो कुछ भी हम करते हैं, उसमें दृढ़ निश्चयी होना चाहिए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एयर इंडिया के एक विमान के अहमदाबाद में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त होने के मद्देनजर उन्होंने यह बात कही और इस दुर्घटना को अपने 'करियर' का सबसे दिल दहला देने वाला संकट बताया।

- चंद्रशेखरन ने दुर्घटना को कॅरियर का सबसे दिल दहलाने वाला संकट बताया

*एयर इंडिया प्रशिक्षण अकादमी को किया संबोधित : चंद्रशेखरन ने गुरुग्राम स्थित एयर इंडिया मुख्यालय एवं एयर इंडिया प्रशिक्षण अकादमी में करीब 700 कर्मचारियों व नेतृत्व दल को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को दृढ़ता दिखाने की जरूरत है और इस घटना से सबक लेते हुए एक 'सुरक्षित विमानन कंपनी' बनाने की राह पर बढ़ना चाहिए।*

## टाटा संस के चेयरमैन ने कहा, कर्मियों को दृढ़ निश्चयी होना चाहिए

### सबसे अच्छा प्रयास करना होगा

सूत्रों के अनुसार चंद्रशेखरन ने एयर इंडिया मुख्यालय में आपातकालीन कमांड सेंटर, एकीकृत संचालन कमांड सेंटर और ग्राहक सेवा तथा सहायता केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा, ''मैं जो कुछ भी कहूंगा और जो कुछ भी करूंगा, उससे लोगों की जान वापस नहीं आएगी। जो लोग प्रभावित हुए हैं, वे बहुत लंबे समय तक दर्द महसूस करेंगे। लेकिन हमें उनमें से प्रत्येक की मदद करने के लिए मानवीय रूप से जितना संभव हो सबसे अच्छा प्रयास करना होगा।'



### सुरक्षित एयरलाइन बनाने का संकल्प लेना होगा

चंद्रशेखरन ने कहा, ''यह इस बारे में बात करने का समय नहीं है कि हम क्या करेंगे, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हम उन सभी लोगों को हमेशा के लिए अपना परिवार मानेंगे, जिन्होंने किसी को खो दिया है। उन्होंने कर्मचारियों से मजबूत बनने का आग्रह किया और कहा कि इस दुर्घटना के बाद एक सुरक्षित एयरलाइन बनाने का संकल्प लेना होगा।

### हमें जांच के पूरे होने का इंतजार करना होगा

सूत्रों ने चंद्रशेखरन के हवाले से कहा, ''हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम आगे बढ़ते रहें। हम जो भी करें, उसमें और दृढ़ निश्चयी रहें। हमें जांच के पूरी होने का इंतजार करना होगा, ताकि घटना के कारणों का पता चल सके। सूत्रों के अनुसार उन्होंने कहा, ''मैंने अपने करियर में काफी संकट देखे हैं, लेकिन यह सबसे दुखद घटना है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा दिन देखना पड़ेगा।

## रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव के मसौदा नियम जारी

मुंबई। आरबीआई ने सोमवार को रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव के लिए मसौदा नियम जारी किए ताकि मौजूदा नियामकीय ढांचे को बाजार और अन्य संबंधित घटनाक्रम के अनुरूप ढाला जा सके। 'ब्याज दर डेरिवेटिव' ऐसा वित्तीय डेरिवेटिव अनुबंध होता है जिसका मूल्य एक या अधिक ब्याज दर, ब्याज दर साधनों की कीमतों या ब्याज दर सूचकांकों से हासिल होता है। ये ऐसे अनुबंध होते हैं जो भविष्य में ब्याज दरों में होने वाले उतार-चढ़ाव के जोखिम से निपटने में मदद करते हैं। रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव (आईआरडी) के लिए मौजूदा नियामकीय ढांचा जून 2019 में जारी किया गया था। उसके बाद से बाजार में कई नए घटनाक्रम हुए हैं।

# बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.6 फीसदी पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में मई के दौरान मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल महीने में 5.1 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

- महिलाओं पर दिखा अधिक असर
- माह अप्रैल में 5.1 प्रतिशत थी

बेरोजगारी दर में यह वृद्धि मुख्य रूप से मौसमी बदलावों और देश के कुछ हिस्सों में पड़ी अत्यधिक गर्मी के कारण देखने को मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (सीडब्ल्यूएस) सर्वेक्षण में दर्ज आंकड़ों से पता चलता है कि मई 2025 के दौरान सभी आयु वर्गों में बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई। सीडब्ल्यूएस सर्वेक्षण की तिथि से पहले के सात दिनों की अवधि में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। मंत्रालय ने रोजगार की स्थिति की सही तस्वीर दर्शाने के लिए पिछले महीने पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले महीने पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में थोड़ी अधिक 5.8 प्रतिशत थी। युवाओं पर बेरोजगारी की अधिक मार देखने को मिली है। मई में राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 15-29 आयु वर्ग के लिए बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अप्रैल के 17.2 प्रतिशत से बढ़कर मई में 17.9 प्रतिशत हो गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह पिछले महीने के 12.3 प्रतिशत से बढ़कर 13.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। खासकर, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में बढ़कर 16.3 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 14.4 प्रतिशत थी।



### 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की श्रम भागीदारी घटी

*पुरुषों में इसी आयु वर्ग के लिए यह दर 13.6 प्रतिशत से बढ़कर 14.5 प्रतिशत हो गई। आंकड़ों से यह भी सामने आया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) मई में घटकर 54.8 प्रतिशत रह गई जो अप्रैल में 55.6 प्रतिशत थी।*

### ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी कामगारों की संख्या घटी

*ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58 प्रतिशत से घटकर 56.9 प्रतिशत रह गई जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत से घटकर 50.4 प्रतिशत पर रही। महिला श्रमबल भागीदारी दर में गिरावट खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी कामगारों और अवैतनिक सहायकों के रूप में काम करने वाली महिलाओं की संख्या में गिरावट से जुड़ी है।*

## राहत : मई में कम हुई थोक महंगाई, 14 महीने के सबसे निचले स्तर पर आई

नई दिल्ली। खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39 प्रतिशत आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85 प्रतिशत और मई 2024 में 2.74 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''...मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई

## सोना 170 रुपए टूटा और चांदी 1000 रुपए फिसली



*नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 170 रुपये गिरकर 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये घटकर 1,00,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। शुक्रवार को चांदी 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''भारत-अमेरिका और अमेरिका-यूरो क्षेत्र के बीच संभावित व्यापार सौदों की रिपोर्ट आने के बाद मुनाफावसूली देखी गई जिससे सोना 99,800 रुपये के आसपास सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। त्रिवेदी ने कहा, ''सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग में इस नरमी के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने में मामूली गिरावट आई।*


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | टी–28 एम/सी का उपयोग करते हुए डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर एडीईएन/आरओके सेक्शन में टर्नआउट स्लीपरों के साथ–साथ पॉइंट्स और क्रॉसिंग के टीटीआर के साथ आपूर्ति, स्टैकिंग और पुटिंग (निविदा संख्या 42-25-26-W-IV) |
| अनुमानित लागत | रु.47,43,640/- |
| धरोहर राशि | रु.94,900/- |
| ई–निविदा भरने का दिनांक और समय ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनांक 26.06.2025 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक। |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/24-25/डब्लू–IV
दिनांक: 16.06.2025 1791/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **1. मोहम्मद अब्दुल तारिक, पुत्र ताहिर खान, निवासीः हाउस नंबर 8, गली नंबर 4 सी, आराम पार्क, शास्त्री नगर, गीता कॉलोनी, दिल्ली और 2. आंचल उर्फ कुंती, पत्नी हारुन खान, निवासीः 95, गली नंबर 7, गांव ताहिरपुर, जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.333/2023 U/S 336/506/120B/201 IPC, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अब्दुल तारिक और आंचल उर्फ कुंती** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अब्दुल तारिक और आंचल उर्फ कुंती** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.333/2023 U/S 336/506/120B/201 IPC, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद अब्दुल तारिक और आंचल उर्फ कुंती** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **20.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री संघमित्रा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01,
द्वितीय तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।

DP/7481/SHD/2025
(अदालती मामला)


## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने किया 'आकाश इनविक्टस कैंपस' का शुभारंभ

**नई दिल्ली (गगन विहार)**, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (**AESL**), जो कि परीक्षा तैयारी सेवाओं में देश का अग्रणी संस्थान है, ने आज प्लॉट नंबर 08, गगन विहार, नई दिल्ली में आकाश इन्विक्टस कैम्पसका शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक और अपने प्रकार की पहली उन्नत सुविधा है, जिसे विशेष रूप से **JEE** की तैयारी कर रहे देश के सबसे मेधावी और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्रतिष्ठित, उच्च-गहनता वाला, व्यक्तिगत, एआई-समर्थित और परिणाम-केंद्रित उपक्रम उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो **IIT** या प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले की तैयारी कर रहे हैं। आकाश इन्विक्टस कैम्पस एक उन्नत शैक्षणिक अनुभव के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करता है। इस परिसर में 13 आधुनिक क्लासरूम हैं, जो **JEE** की तैयारी के लिए एक केंद्रित और व्यक्तिगत वातावरण प्रदान करते हैं। अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और विशाल डिजाइन के साथ, यह परिसर दो शिफ्टों में 1,300 छात्रों को समायोजित कर सकता है, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा और सफलता के लिए श्रेष्ठ संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होती है।आकाश इन्विक्टस भारत के लगभग 500 सर्वश्रेष्ठ **JEE** फैकल्टी को एक छत के नीचे लाता है, जो अब तक एक लाख से अधिक छात्रों को **IITs** में प्रवेश दिलाने में सफल रहे हैं। पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और विशेष रूप से उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो **IIT** में टॉप रैंक हासिल करना चाहते हैं। कार्यक्रम में इंटीग्रेटेड फिजिटल लर्निंग, विशेष अध्ययन सामग्री, सटीक तैयारी के लिए एआई-समर्थित और अनुकूली शिक्षण संसाधन शामिल हैं।



# मजबूत संकेतों से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 678 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष तेज होने के बावजूद स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस और आईटी शेयरों को कम मूल्य पर खरीदने का रुझान देखा गया। सेंसेक्स 677.55 अंक उछलकर 81,796.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 747.22 अंक बढ़कर 81,865.82 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 227.90 अंक चढ़कर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। हालांकि निकट अवधि में इस तनाव का बाजार की धारणा पर असर पड़ने की आशंका है।/''



- आईटी और पेट्रोलियम शेयरों में रही खरीदारी
- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से लौटी तेजी

### अल्ट्राटेक व टेक महिंद्रा में तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

*टाटा मोटर्स में गिरावट : दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।*


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## मजबूत संकेतों से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 678 अंक उछला

**मुंबई।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष तेज होने के बावजूद स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस और आईटी शेयरों को कम मूल्य पर खरीदने का रुझान देखा गया। सेंसेक्स 677.55 अंक उछलकर 81,796.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 747.22 अंक बढ़कर 81,865.82 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 227.90 अंक चढ़कर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी।


## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में घटी : सियाम

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत घटकर 3,44,656 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,47,492 इकाई थी। वाहन विनिर्माताओं के निकाय 'सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स' (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री मई में 2.2 प्रतिशत बढ़कर 16,55,927 इकाई रही, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी महीने में यह 16,20,084 इकाई थी। सभी वाहन खंड ने स्थिर प्रदर्शन किया सियाम ने कहा कि सभी श्रेणियों में वाहनों की कुल थोक बिक्री 1.8 प्रतिशत बढ़कर 20,12,969 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल मई में यह 19,76,674 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने बयान में कहा, '' सभी वाहन खंडों ने मई 2025 में स्थिर प्रदर्शन दर्ज किया।'' मेनन ने कहा कि हालांकि यात्री वाहन खंड में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन कुल 3.45 लाख इकाइयों की बिक्री मई में अब तक की दूसरी सबसे अधिक बिक्री रही। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहन खंड में मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री मई 2024 में 1,44,002 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 1,35,962 इकाई रह गई। इसके साथ ही यह इस खंड में अग्रणी रही। मेनन ने कहा, 'भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छह महीने से भी कम समय में तीन बार रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती तथा सामान्य से अधिक मानसून का पूर्वानुमान कुछ ऐसे संकेतक हैं, जो आने वाले महीनों में चीजों को बेहतर एवं उपभोक्ता भावना को बढ़ावा देकर मोटर वाहन क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।आंकड़ों के अनुसार, घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 2024 की 43,218 इकाइयों के मुकाबले 52,431 इकाइयों की बिक्री की, जबकि हुंदै मोटर इंडिया ने मई 2024 में 49,151 इकाइयों की तुलना में 43,861 इकाइयों की घरेलू बिक्री दर्ज की। दोपहिया वाहन खंड में मोटरसाइकिल की बिक्री मई 2024 में 10,38,824 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 10,39,156 इकाइयों पर लगभग स्थिर रही।

## ताइवान ने चीन की हुवावे को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला

ताइपे (ताइवान)। ताइवान के वाणिज्य मंत्रालय ने चीनी चिप विनिर्माता हुवावे टेक्नोलॉजीज और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इंटरनेशनल कॉर्प को अपनी निर्यात नियंत्रण सूची में डाला है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में टकराव बढ़ने के चलते ताइवान ने यह कदम उठाया। 'रणनीतिक महत्व की उच्च तकनीक वस्तुओं' की सूची में शामिल होने का मतलब है कि ताइवान की कंपनियों को उन्हें सामान बेचने से पहले निर्यात परमिट लेना होगा। इस सूची में तालिबान और अल-कायदा जैसे संगठनों के साथ ही चीन, ईरान और अन्य जगहों की कई कंपनियां शामिल हैं। उक्त दोनों कंपनियां अमेरिका स्थित एनवीडिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने और निर्यात प्रतिबंधों के बीच चीनी प्रौद्योगिकी फर्मों को बहुत जरूरी चिप की आपूर्ति करने की कोशिश कर रही हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नितेश कुमार उर्फ जूड़ी पुत्र** बंगाली, पताः झुग्गी नंबर 47 ए ब्लॉक जहांगीरपुरी **FIR No. 80077895/2024, U/S: 304(2)/317/3(5) BNS, पुलिस थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितेश कुमार उर्फ जूडी ,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितेश कुमार उर्फ जूडी ,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नितेश कुमार उर्फ जूडी , FIR No. 80077895/2024, U/S: 304(2)/317/3(5) BNS, पुलिस थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तरी, कोर्ट नंबर 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7839/NW/2025
(Court Matter)


## शब्द पहेली - 5900



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 5899 का हल





# महिला वनडे विश्व कप : भारत और पाकिस्तान के बीच 5 अक्टूबर को होगी जंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत का महिला एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की।

इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए 'हाइब्रिड मॉडल' के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (पुरुष) के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों के मारे जाने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि क्या आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच राउंड रोबिन मैच का आयोजन करेगा? आईसीसी पिछले काफी समय से अपने सभी आयोजनों में भारत बनाम पाकिस्तान मैच को शामिल करता रहा है।

## 30 सितंबर को भारत का पहला मैच

आईसीसी ने सोमवार को कार्यक्रम जारी कर हालांकि सभी संदेहों को दूर कर दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह इस विश्व कप का उद्घाटन मैच होगा। टीम इसी मैदान पर 26 अक्टूबर को शुरुआती चरण के अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस स्थल के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया।



## अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा पाकिस्तान

पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के अनुसार अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। भारत के खिलाफ मैच के अलावा टीम प्रेमदासा स्टेडियम में बांग्लादेश (दो अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (आठ अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ भी खेलेगी।

## 2 नवंबर को फाइनल

पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की प्रगति पर निर्भर करेगा। दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा जबकि फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। इसका फैसला भी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की स्थिति के मुताबिक होगा।

## राउंड-रॉबिन प्रारूप में मैच

भारत 2013 के बाद पहली बार इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी कर रहा है। सभी आठ टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। इसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। मेजबान भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल किया जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इस वर्ष की शुरुआत में लाहौर में क्वालीफायर के माध्यम से टूर्नामेंट में प्रवेश किया।




### भारत का कार्यक्रम

| दिनांक | टीमें | शहर |
|---|---|---|
| 30 सितंबर | भारत/श्रीलंका | बेंगलुरु |
| 5 अक्टूबर | भारत/पाकिस्तान | कोलंबो |
| 9 अक्टूबर | भारत/द.अफ्रीका | विशाखापत्तनम |
| 12 अक्टूबर | भारत/ऑस्ट्रेलिया | विशाखापत्तनम |
| 19 अक्टूबर | भारत/इंग्लैंड | इंदौर |
| 23 अक्टूबर | भारत/न्यूजीलैंड | गुवाहाटी |
| 26 अक्टूबर | भारत/बांग्लादेश | बेंगलुरु |

## खबर संक्षेप



### भारत की अंडर-23 पुरुष टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने सोमवार को ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के खिलाफ आगामी मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें सीनियर टीम के तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। अंडर-23 टीमः गोलकीपरः मोहम्मद अरबाज, प्रियांश दुबे, साहिल। डिफेंडरः विकास युमनाम, दिप्पेंदु बिस्वास, मुहम्मद साहीफ एपी, निखिल बारला, प्रमवीर, सुभम भट्टाचार्य, टेकचाम अभिषेक सिंह। मिडफील्डरः आयुष छेत्री, चिंगंगबाम शिवाल्डो सिंह, लालरेमत्लुआंगा फनाई, लालरिनलियाना हनामटे, मैकार्टन लुइस निकसन, मोहम्मद ऐमेन, विबिन मोहनन, विनिथ वेंकटेश। फॉरवर्डः जोसेफ सनी, मोहम्मद सनन के, पार्थिब सुंदर गोगोई, सुहैल अहमद भट, थिंगुजम कोरू सिंह।

### पांचवें स्थान पर रही टीम इंडिया एमजीडी1



**लंदन।** मुख्य रूप से भारतीय खिलाड़ियों से सजी टीम एमजीडी1 ने फिडे विश्व ब्लिट्ज टीम चैम्पियनशिप में टीम फ्रीडम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले उसने यहां टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग का खिताब जीता था। डब्लूआर चेस ने काज़चेस को हराकर 2023 में यह प्रतियोगिता शुरू होने के बाद से अपना दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब हासिल किया। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की मौजूदगी वाली टीम एमजीडी1 ने पहले ही 16 टीमों के नॉकआउट में जगह बना ली थी। उसने पहले दौर में जेनरेशन एक्सवाइजेडए को 4-0 से हराया था।

### चेन्नई ओपन की डब्लूटीए 250 कैलेंडर में वापसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु टेनिस संघ ने सोमवार को घोषणा की कि भारत तीन साल बाद डब्लूटीए 250 टूर्नामेंट चेन्नई ओपन की मेजबानी करेगा जिसका मुख्य ड्रॉ 27 अक्टूबर से शुरू होगा। यह टूर्नामेंट पिछली बार 2022 में डब्लूटीए कैलेंडर में शामिल किया गया था जब चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुहविर्टोवा एकल चैंपियन बनी थीं। टीएनटीए के अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा, 'आखिरकार तमिलनाडु सरकार और एसडीएटी (तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण) के मजबूत समर्थन की बदौलत चेन्नई में एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल/टेनिस प्रतियोगिता को लाने के हमारे प्रयास सफल हुए।'

'केमिकल लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप

# अश्विन पर लगे गेंद से छेड़छाड़ के आरोप टीएनपीएल ने मदुरै पैंथर्स से मांगे सबूत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु प्रीमियर लीग में आर अश्विन की अगुवाई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

टीएनपीएल ने ऐसे में पैंथर्स से अपने आरोपों को 'पुष्ट' करने के लिए जल्द से जल्द सबूत पेश करने को कहा है। टीएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रसन्ना कन्नन ने पैंथर्स को भेजे ईमेल में लिखा, 'आरोप बाद में लगाए गए। यह बिना किसी सबूत के अटकलों पर आधारित लग रहे हैं। यह पूरी तरह से टीम के आंतरिक संचार पर आधारित प्रतीत होते हैं।' कन्नन ने आगे कहा कि मैच के दौरान या बाद में मैदानी अंपायरों या मैच रेफरी द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। पता चला है कि टीएनपीएल इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने जा रहा है।



## सबूत नहीं मिले तो पैंथर्स पर लगेगा जुर्माना

कन्नन ने कहा, 'अगर दावों में कोई दम है तो हम एक स्वतंत्र समिति का गठन करेंगे। बिना पर्याप्त सबूत के किसी खिलाड़ी या फ्रेंचाइजी के खिलाफ ऐसे आरोप लगाना अनुचित है। अगर कोई सबूत पेश नहीं किया जाता है, तो मदुरै पैंथर्स को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।' प्रसन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएनपीएल ने अंपायरों के सामने गेंद सुखाने के लिए लीग द्वारा उपलब्ध कराए गए तौलिये के इस्तेमाल की अनुमति दी है। यह निर्णय लीग के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो तमिलनाडु में मानसून के मौसम के साथ मेल खाता है।

### तौलिये के स्रोत की करें जांच

पैंथर्स के सीईओ महेश एस ने टीएनपीएल को पत्र लिखकर गत चैंपियन ड्रैगन्स द्वारा गेंद से 'स्पष्ट' छेड़छाड़ का दावा किया। अपने पत्र में महेश ने टीएनपीएल के शीर्ष अधिकारियों से तौलिये के स्रोत की जांच करने को भी कहा। सलेम क्रिकेट फाउंडेशन ग्राउंड में हुए इस मैच में ड्रैगन्स ने पैंथर्स को नौ विकेट से हराया।

### अश्विन को नहीं मिला विकेट

पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन बनाए। अश्विन को कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने अपने चार ओवर में 27 रन दिए। उन्होंने हालांकि सलामी बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 49 रन बनाए और ड्रैगन्स ने 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### पहले भी विवाद में फंसे अश्विन

बता दें कि इससे पहले, 6 जून को एक मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के कारण अश्विन पर 30% मैच फीस का जुर्माना लगाया गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। बता दें कि अश्विन ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेला था, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

टेनिस

# क्वालीफायर मारिया ने 37 साल की उम्र में जीता क्वींस क्लब का खिताब



एजेंसी ▶▶| लंदन

जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट क्वींस क्लब में जीत हासिल करके अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने के साथ खुद को 'क्वीन ऑफ क्वींस' साबित किया।

दो बच्चों की 37 वर्षीय मां मारिया ने लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया ने अपनी बेटियों चार्लोट और सेसिलिया तथा अपने पति और कोच चार्ल्स एडौर्ड मारिया के सामने जीत हासिल की। मारिया ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं एक अच्छा उदाहरण हूं कि मेरी उम्र में भी आप बड़ी ट्रॉफियां जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है।' उन्होंने अपने चौथे डब्ल्यूटीए खिताब की राह में कैरोलिना मुचोवा, एलेना रयबाकिना और मैडिसन कीज़ सहित विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया।

## भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की उम्मीद



**लंदन।** यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है। सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं।

दिग्गजों की राय

# इंग्लैंड जीतेगा टेस्ट श्रृंखला युवा भारत देगा कड़ी चुनौती



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की श्रृंखला में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह श्रृंखला अपने नाम कर सकता है।'

### सभी मैच करीबी होंगे : स्टेन

स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा। मुझे लगता है कि यह 3-2 से इंग्लैंड के पक्ष में होगा।'

### इंग्लैंड 3-2 से जीतेगा : दासगुप्ता

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा, 'भारतीय टीम काफी युवा है और उसका कप्तान भी युवा है। टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, जिससे इंग्लैंड को थोड़ा फायदा मिलेगा। इंग्लैंड को घरेलू मैदान पर खेलने का भी फायदा मिलेगा, लेकिन यह श्रृंखला काफी करीबी होगी। मुझे लगता है कि इंग्लैंड 3-2 से जीतेगा।' संजय मांजरेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है। वे अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं और भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, इसलिए मुझे लगता है कि इंग्लैंड यह श्रृंखला जीत सकता है।'

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को हराकर जीती टी-20 श्रृंखला

**ब्रेडी।** वेस्टइंडीज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया और आयरलैंड को 62 रन से हराकर बारिश से प्रभावित तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एविन लुईस (91 रन) और कप्तान शाई होप (51 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर में 122 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 256 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कुल 20 छक्के लगाए। लुईस ने आठ जबकि होप और कीसी कार्टी ने चार-चार छक्के लगाए। कार्टी ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन का योगदान दिया। आयरलैंड इसके जवाब में सात विकेट पर 194 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से रॉस अडायर (48 रन) और हैरी टेक्टर (38 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। पहला और दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था।



# एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी। भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा। ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है।



### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपरः** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे। **डिफेंडरः** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डरः** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्डः** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे

# बीसीसीआई आयु निर्धारण के लिए कराएगा अतिरिक्त अस्थि परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'ऐसा सटीक उम्र जानने के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि कोई भी खिलाड़ी वैज्ञानिक गणना के बजाय गणितीय गणना के कारण खेलने से ना चूके।'



## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लांच में देरी

*लंदन। अहमदाबाद में हाल में हुए विमान हादसे के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के अनावरण में देरी हो गई। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में इसे पहले पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'एटीटी ट्रॉफी के अनावरण में अहमदाबाद में हाल में हुई दुर्घटना के कारण देरी हुई है। इसे रद्द नहीं किया गया है। उम्मीद है कि श्रृंखला शुरू होने से पहले ट्रॉफी का अनावरण कर दिया जाएगा।'*








कैलाश मानसरोवर यात्रा

# 5 साल बाद रवाना हुआ 35 श्रद्धालुओं का जत्था आईटीबीपी और पर्यटन विभाग ने दिखाई हरी झंडी

**गंगटोक से 20 जून को तिब्बत में करेंगे प्रवेश**

**18वें माइल और शेरथांग दो स्थानों पर ठहरेंगे**

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 लगभग पांच साल के बाद फिर से शुरू हो गई है। सोमवार को सिक्किम के रास्ते कैलाश मानसरोवर के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना कर दिया गया है। यह धार्मिक यात्रा अगस्त 2025 तक चलेगी यानी केवल 3 महीने तक। देशभर से आए 35 श्रद्धालुओं ने सोमवार को गंगटोक से नाथुला के रास्ते 18वें माइल अनुकूलन केंद्र के लिए यात्रा शुरू की। कैलाश मानसरोवर के श्रद्धालुओं को भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस और सिक्किम पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 35 श्रद्धालु रविवार शाम को गंगटोक पहुंचे। ये श्रद्धालु 20 जून को तिब्बत में प्रवेश करेंगे। नाथुला के रास्ते तिब्बत में प्रवेश से पहले 18वें माइल और शेरथांग में दो अनुकूलन केंद्रों पर ठहरेंगे।

> इस साल कैलाश मानसरोवर के लिए 15 बैच रवाना होने हैं, जिसमें हर बैच में 50 यात्री शामिल रहेंगे। 5 बैच उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच सिक्किम से नाथुला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी

### हर बैच के साथ आईटीबीपी का एक डॉक्टर

सिक्किम पर्यटन विकास निगम के सीईओ राजेंद्र छेत्री ने कहा कि आईटीबीपी की ओर से ब्रीफिंग की गई है। उन्हें दिल्ली से लेकर नाथुला तक यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने में बहुत गर्व है। इस बैच में 35 यात्री हैं। उनके साथ एक डॉक्टर भी है, जो आईटीबीपी से हैं। इससे कुल संख्या 36 है। इस साल कैलाश मानसरोवर के लिए 15 बैच रवाना होने हैं, जिसमें हर बैच में 50 यात्री शामिल रहेंगे। 5 बैच उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच सिक्किम से नाथुला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे।

### ऑनलाइन आवेदन के आधार पर चयन हुआ

विदेश मंत्रालय के अनुसार, केएमवाईडॉटजीओवीडॉटइन वेबसाइट पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। साल 2015 के बाद से ऑनलाइन आवेदन होते हैं। कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के जरिए ही यात्रियों के रूट और बैच तय होते हैं, जिसमें बाद में आमतौर पर बदलाव नहीं होता। हालांकि जरूरी होने पर चयनित यात्री बैच में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकते हैं, लेकिन ये परिवर्तन खाली स्थान उपलब्ध होने पर ही किया जाता है।

धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

### भगवान शिव का निवास है कैलाश पर्वत

*कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक मूल्य और सांस्कृतिक महत्व के लिए जानी जाती है। भगवान शिव के निवास के रूप में हिंदुओं के लिए ये महत्वपूर्ण स्थान है। सिख पंथ, जैन और बौद्ध अनुयायियों के लिए भी कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्व है। इन सभी के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा आध्यात्मिक उन्नति और मोक्ष का मार्ग मानी जाती है। कैलाश पर्वत को भगवान शिव का निवास माना गया है, जहां वे माता पार्वती के साथ समाधि में स्थित रहते हैं। शिवलिंग के रूप में कैलाश पर्वत स्वयं प्रकृति द्वारा निर्मित शिव-स्वरूप है।*



पहलगाम आतंकवादी हमले की वैश्विक संस्था ने की कड़ी निंदा

# पाकिस्तान की बढ़ेंगी मुश्किलें... एफएटीएफ ने माना पहलगाम हमले के पीछे पैसा और आतंकी फंडिंग जिम्मेदार

**भारत के दावे को मिला समर्थन, बिना टेरर फंडिंग के नही हो सकता हमला**

**पहलगाम अटैक पर एक्शन टास्क फोर्स ने पाकिस्तान को लताड़ा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को वित्त-पोषित करने वाले तमाम स्रोतों पर नजर रखने वाली फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले को लेकर सोमवार को एक बड़ा और महत्वपूर्ण बयान दिया है। जिसमें उसने न केवल इस हमले की कड़ी निंदा की है।

बल्कि यह भी स्वीकार किया है कि ये हमला बिना पैसे और आतंकी फंडिंग व नेटवर्क के संभव नहीं है। इसके अलावा एफएटीएफ ने कहा कि अब वो आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े तमाम सहयोगी देशों द्वारा उठाए गए ठोस कदमों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। उधर, सिपरी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, परमाणु क्षमता के मामले में भारत की पाकिस्तान पर बढ़त बनी हुई है। भारत न केवल अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ा रहा है। बल्कि उसके जखीरे में एडवांस परमाणु डिलीवरी सिस्टम भी शामिल हो रहे हैं। पिछले साल 2024 में भारत के परमाणु हथियारों की कुल संख्या 172 थी और मौजूदा वर्ष 2025 में यह बढ़कर 180 हो गए हैं।

### आतंकियों ने की 26 लोगों की हत्या




*यहां बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी। इनमें 25 भारतीय और एक नेपाल का रहने वाला नागरिक था। हमले के तुरंत बाद पाकिस्तान में मौजूद लश्करे-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। वहीं, एफएटीएफ का ये बयान एक ऐसे समय पर सामने आया है। जब भारत लगातार वैश्विक संस्थाओं, संगठनों के समक्ष आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने में लगा हुआ है। उसकी तरफ से एफएटीएफ के सामने पाकिस्तान को एक बार फिर से आतंकवाद से जुड़ी ग्रे लिस्ट में डालने की कवायद भी जारी है।*

### एफएटीएफ प्रमुख का बयान

*एफएटीएफ प्रमुख एलिसा मद्राजो ने अपने एक बयान में इस बात का जिक्र किया था कि आतंकियों को केवल एक बार सफल होना होता है। लेकिन हमें उन्हें बार-बार रोकना होता है। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई किसी देश, कंपनी या संस्था के खिलाफ नहीं है। यह सभी देशों की साझा जंग है।*

### ग्रे लिस्ट को लेकर डोजियर की तैयारी

सूत्रों ने बताया कि भारत, पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की प्रक्रिया का आगाज करने वाला है। इसके लिए वह आगामी दो बैठकों (25 अगस्त की एशिया प्रशांत समूह, 20 अक्टूबर को एफएटीएफ की बैठक) के दौरान पाकिस्तान के आतंकी कनेक्शनों पर करारी चोट करने के लिए एक व्यापक डोजियर सौंप सकता है। जिसकी वर्तमान में तैयारी जारी है। गौरतलब है कि एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट के साथ पाकिस्तान का नाता बहुत पुराना है। सबसे पहले उसे 2008 में इसमें डाला गया था। लेकिन दो साल बाद 2010 में वह बाहर आ गया था। 2012 में फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में पाक को डाला गया, 2015 में वह बाहर आया। इसके बाद 2018 में पाकिस्तान को पुनः एफएटीएफ ने फिर से अपनी ग्रे लिस्ट में डाला।

भारत-पाक तनाव के मद्देनजर फैसला

# सिख श्रद्धालुओं के जत्थे को पाक नहीं भेजेगी एसजीपीसी

◆ *शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि 29 जून को मनाई जा रही*

एजेंसी ▶▶ अमृतसर



अमृतसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है। कमेटी ने महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान जाने वाले सिख श्रद्धालुओं का जत्था नहीं भेजने का निर्णय लिया है। एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि 29 जून को मनाई जा रही है।

इस अवसर पर पाकिस्तान जाने के लिए सिख श्रद्धालुओं ने अपने पासपोर्ट एसजीपीसी कार्यालय के यात्रा विभाग में जमा करवा दिए हैं। उन्होंने बताया कि हर साल एसजीपीसी महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाने के लिए सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजती है, लेकिन दोनों देशों में तनावपूर्ण माहौल और भारत सरकार द्वारा यात्रा पर लगाई गई पाबंदियों और जारी दिशा-निर्देशों को देखते हुए एसजीपीसी ने इस बार यह जत्था नहीं भेजने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु अधिक जानकारी के लिए शिरोमणि कमेटी के यात्रा विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

वहीं एसजीपीसी सचिव सरदार जगतार सिंह ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 29 जून 2025 को होना था। लेकिन इस बार भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति है। साथ ही भारत सरकार ने यात्रा पर कुछ पाबंदियां लगाई हैं। इन्हीं कारणों से यह निर्णय लिया गया है। श्रद्धालु अधिक जानकारी के लिए शिरोमणि कमेटी के यात्रा विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

भारत समेत 24 देशों की सेना कर रही हैं सैन्य अभ्यास 'ख़ान क्वेस्ट'

# कई देशों के साथ भारत के रणनीतिक संबंध होंगे मजबूत

**मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में चल रहा है अभ्यास**

**संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सिविल-मिलिट्री समन्वय पर हो रहा प्रशिक्षण**

एजेंसी ▶▶ उलानबटार

भारत और अमेरिका समेत 24 देशों की सेनाएं एक महत्वपूर्ण बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना का सैन्य अभ्यास 'ख़ान क्वेस्ट' कर रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में चल रहा है। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के साथ साझेदारी में यह अभ्यास शांति स्थापना में सैन्य कौशल को निखारने के लिए 24 देशों की सैन्य टुकड़ियों को एक साथ लाया है। इस मल्टीनेशनल संयुक्त सैन्य अभ्यास में भारत व अन्य देशों की सेनाएं महत्वपूर्ण अभ्यास कर रही हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 'खान क्वेस्ट' सैन्य अभ्यास 28 जून 2025 तक चलेगा।

इसका उद्देश्य विभिन्न देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह अभ्यास इन 24 देशों को आपस में सीखने की प्रक्रिया के बारे में प्रोत्साहित करता है और बहुराष्ट्रीय समन्वय को मजबूती दे रहा है। इस अभ्यास के दौरान संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में कार्य संचालन और मानवीय राहत अभियानों का अभ्यास किया जा रहा है। संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सिविल-मिलिट्री समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सभी प्रशिक्षण गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के नियमों के तहत की जा रही हैं।

### द्विपक्षीय सैन्य समझौतों को मिलेगी और मजबूती




*सेना का मानना है कि इस अभियान में भारत की सहभागिता उसके यूएन शांति रक्षा के समृद्ध अनुभव को दर्शाती है। वहीं, मंगोलिया के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को भी यह अभ्यास मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास हाल ही में मंगोलिया में संपन्न हुए 'नोमैडिक एलीफैंट 2025' अभ्यास की सफलता पर आधारित है। नोमैडिक एलीफैंट से द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को और मजबूती मिली है। अभ्यास के दौरान भारतीय सैन्य दल विश्व के अन्य देशों की सेनाओं के साथ यथार्थ-आधारित परिदृश्यों में प्रशिक्षण कर रहा है। इससे न केवल विभिन्न देशों के बीच सामरिक समन्वय मजबूत होगा, बल्कि आपसी विश्वास, मित्रता और साझी प्रतिबद्धता की भावना को भी बल मिलेगा।*

### उलानबटार में 14 जून को हुआ था शुरू

बता दें, मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में स्थित फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में 14 जून को यह बहुराष्ट्रीय शांति रक्षा अभ्यास 'खान क्वेस्ट 2025' शुरू हुआ था। मंगोलियाई सशस्त्र बलों की ओर से यूएस इंडो-पैसिफिक कमान के सहयोग से आयोजित इस अभ्यास में 24 देशों की सैन्य टुकड़ियां भाग ले रही हैं। 'खान क्वेस्ट 2025' का मुख्य अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत शांति रक्षा अभियानों के लिए समन्वय एवं क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109